



+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE QR CODE
To Register for our Entrance Examinations
KALSEE/KAL-MAT

तरनतारन, पंजाब के मशहूर लॉ कॉलेज में बड़ी वारदात!

# 'क्लासरूम में घुसकर छात्रा के सिर पर मारी गोली, फिर खुद को भी मारा'

एजेंसी ▶▶| तरनतारन

पंजाब के तरनतारन में एक लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही क्लासमेट ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली. आरोपी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृत छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई। वहीं गोली चलाने वाले छात्र का नाम प्रिंस राज बताया जा रयह घटना कॉलेज के अंदर क्लासरूम में हुई। मौके पर मौजूद अन्य स्टूडेंट ने बताया कि क्लास के दौरान प्रिंस राज अचानक क्लास रूम में आया और उसने अपने बैग से पिस्टल निकाली और सामने बैठी संदीप को बेहद करीब से गोली मार दी। अचानक हुई फायरिंग से क्लासरूम में हड़कंप मच गया। छात्र और शिक्षक कुछ समझ पाते, उससे पहले आरोपी ने फिर से पिस्टल लोड की और अपने सिर पर गोली मार ली। आरोपी के पास से .32 बोर की पिस्टल बरामद हुआ। आरोपी छात्र प्रिंस राज के पिता भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

**शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा पर उठे बड़े सवाल**

**आरोपी ने कहा था, अगर तू मेरी नहीं तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा**





### सगाई से हो गया था नाराज

बताया जा रहा है कि संदीप कौर की सगाई हो चुकी थी और इसके बाद प्रिंस राज नाराज हो गया था। छात्रा के परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी को लगातार परेशान किया जा रहा था। परिवार के अनुसार आरोपी छात्र दो से तीन बार उनके घर भी गया था। मृतक संदीप कौर की बहन मनप्रीत कौर के अनुसार, शुक्रवार को प्रिंस ने संदीप को प्रपोज किया था। संदीप ने साफ मना कर दिया और कहा कि उसकी सगाई हो चुकी है और अब कुछ नहीं हो सकता. इसके बाद भी प्रिंस पीछे हटने को तैयार नहीं था। बहन ने बताया कि संदीप की मुलाकात कॉलेज में ही प्रिंस से हुई थी। यह एकतरफा प्यार था लेकिन आरोपी की हरकतें अस्थिर दिमाग वाली थीं। वह रोज संदीप को आई लाइक यू बोलता था। शुक्रवार को उसने संदीप से कहा था कि अगर तू मेरी नहीं तो किसी और की भी मैं नहीं होने दूंगा।

### बढ़ते गन कल्चर ने बढ़ाई समाज की परेशानी

आरोपी के पिता भारतीय सेना में हैं और पिस्टल उन्हीं की बताई जा रही है। कॉलेज में पहली बार आरोपी हथियार लेकर आया था। इस घटना के बाद कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हथियार कहां से आया और कॉलेज में सुरक्षा में चूक कैसे हुई।

### मामले की हर पहलू से की जा रही है जांच

कॉलेज में हुई इस वारदात की तस्वीरें अब लोगों के बीच डर का कारण बन चुकी हैं। सवाल उठ रहे हैं कि स्कूल और कॉलेजों में बच्चे कितने सुरक्षित हैं। इस घटना ने समाज, शिक्षा व्यवस्था और बढ़ते गन कल्चर पर भी चिंता बढ़ा दी है। पंजाब पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### एपस्टीन फाइल्स : नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा



**ओस्लो।** नॉर्वे की राजनयिक और जॉर्डन में तैनात राजदूत मोना यूल ने इस्तीफा दे दिया है। उन पर अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से संपर्क को लेकर सवाल उठे थे। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार शाम उनके इस्तीफे की पुष्टि की। मामला सामने आने के बाद मोना यूल को कुछ दिन पहले ही जॉर्डन में राजदूत के पद से निलंबित किया गया था। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि एपस्टीन ने 2019 में जेल में आत्महत्या से पहले बनाई गई वसीयत में यूल और उनके पति ष के बच्चों के लिए 1 करोड़ डॉलर छोड़े थे।

### लोकतंत्र समर्थक जिमी लाई को 20 साल की जेल



**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग के लोकतंत्र समर्थक मीडिया कारोबारी जिमी लाई को विदेशी ताकतों से साठगांठ के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह सजा शहर के विवादित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दी गई है, जिसे चीन ने 2019 के बड़े प्रदर्शनों के बाद लागू किया था। जिमी लाई ब्रिटिश नागरिक हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किए गए सैकड़ों लोगों में सबसे प्रमुख नाम हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने लोकसभा सचिवालय को दिए निर्देश


# संसद में पीएम केयर-फंड से जुड़े सवाल पर रोक, कांग्रेस बोली- 'ये तानाशाही है'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि पीएम केअर्स, पीएमएनआरएफ और एनडीएफ से जुड़े सवाल संसद में नहीं उठाए जाएं। विपक्ष ने इसे संसद की भूमिका और सांसदों के अधिकारों पर हमला बताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिए हैं कि पीएम केअर्स फंड, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) और राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) से जुड़े किसी भी तरह के सवाल लोकसभा में स्वीकार नहीं किए जाएं. इस निर्देश के बाद संसद की भूमिका, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है और इसे सांसदों के अधिकारों को सीमित करने की कोशिश बताया है।

**खास बातें**

- पीएम केअर्स के अलावा दो और फंड से जुड़े सवाल नहीं उठाए जा सकेंगे अब
- पीएमओ के निर्देश पर हुआ सियासी संग्राम तेज




### पीएमओ का तर्क

रिपोर्ट के अनुसार, पीएमओ ने 30 जनवरी को लोकसभा सचिवालय को यह जानकारी दी थी। पीएमओ का तर्क है कि ये तीनों फंड पूरी तरह से लोगों के स्वैच्छिक दान से बने हैं और इनमें भारत सरकार के कंसॉलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया (सीएफआई) से कोई राशि नहीं दी जाती। इसलिए इन्हें सरकार की सीधी जिम्मेदारी या नियंत्रण में नहीं माना जा सकता. पीएमओ ने लोकसभा के नियमों का हवाला देते हुए कहा है कि नियम 41(2)(**viii**) और 41(2)(**xvii**) के तहत ऐसे विषयों पर सवाल नहीं पूछे जा सकते जिनकी प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार पर न हो। इसके अलावा ऐसे संगठनों और व्यक्तियों से जुड़े हों जिनकी जवाबदेही सीधे सरकार को न हो। इसी आधार पर कहा गया है कि यदि कोई सांसद प्रश्नकाल, जीरो आवर नोटिस या स्पेशल मेंशन के जरिए इन फंडों पर जानकारी मांगता है, तो उसकी मांग को खारिज किया जा सकता है।

### विपक्ष ने पूछा- सरकार क्या कुछ छिपाना चाहती है

*इस फैसले के सामने आते ही विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस पार्टी ने इसे संसद का अपमान और तानाशाही कदम बताया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सांसद जनता के प्रतिनिधि होते हैं और उन्हें जनहित से जुड़े सवाल पूछने से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी ने पूछा है कि अगर ये फंड जनता के पैसे से बने हैं, तो सरकार उनके इस्तेमाल पर जवाब क्यों नहीं देना चाहती। क्या सरकार कुछ छिपाना चाहती है? और क्या अब संसद सरकार की जवाबदेही तय करने की जगह सिर्फ औपचारिक मंच बनकर रह जाएगी?*

### ये है पीएम केअर्स फंड

*पीएम केअर्स फंड की शुरुआत 27 मार्च 2020 को कोविड-19 महामारी के दौरान की गई थी। इसका मकसद आपात स्थितियों में राहत के लिए दान जुटाना था। यह एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट है, जो ट्रस्ट डीड रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1908 के तहत रजिस्टर्ड है। 2022-23 के अंत तक इस फंड में करीब 6,283 करोड़ रुपये जमा थे। सरकार का कहना है कि यह किसी कानून या संविधान के तहत नहीं बना है और इसलिए आरटीआई के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट भी इसे राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से अलग मान चुका है।*

### पीएमएनआरएफ

*प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की स्थापना जनवरी 1948 में हुई थी। शुरुआत में इसका उद्देश्य विभाजन के बाद आए शरणार्थियों की मदद करना था। अब इसका इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओं, बड़े हादसों और दंगों जैसी स्थितियों में पीड़ित परिवारों को राहत देने के लिए किया जाता है। यह भी पूरी तरह दान पर आधारित फंड है।*

### एनडीएफ

*राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) का इस्तेमाल सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा उनके परिवारों की सहायता के लिए किया जाता है। इसे एक समिति संचालित करती है, जिसमें प्रधानमंत्री अध्यक्ष होते हैं और रक्षा, वित्त व गृह मंत्री इसके सदस्य होते हैं। यह फंड भी मुख्य रूप से दान पर ही निर्भर है।*

# 'आपने बीजेपी के प्रेशर में काम किया, हम पर गंभीर आरोप लगाए'

**स्पीकर ओम बिरला को कांग्रेस की महिला सासंदों ने लिखा पत्र**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



संसद के दोनों ही सदन हंगामे की वजह से कार्यवाही नहीं चल सकी। इस बीच कांग्रेस पार्टी की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की 'अनुपस्थिति' का बचाव करने के लिए बीजेपी के दबाव में आकर आपने महिला सांसदों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। महिला सांसदों ने अपने पत्र में कहा कि उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वो लगातार मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ लड़ती रही हैं। पत्र के जरिए महिला सांसदों ने यह भी कहा, 'लोकसभा से प्रधानमंत्री मोदी की अनुपस्थिति हमारे किसी खतरे के कारण नहीं थी, बल्कि यह डर का परिणाम था।' गौरतलब है, पिछले दिनों संसद में पीएम मोदी के न आने पर बिरला ने कहा था कि प्रधानमनंत्री को कांग्रेस महिला सांसदों से खतरा था इसलिए मेरे कहने पर वे नहीं आए थे।

### हमें डराकर चुप नहीं कराया जा सकता

कांग्रेस की महिला सांसदों ने अपने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सांसद हैं, लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिन्हें डराकर चुप नहीं कराया जा सकता। हमारा विश्वास है कि पारदर्शिता ही अध्यक्ष पद की गरिमा और इस सदन की विश्वसनीयता को पुनः स्थापित करने का एकमात्र मार्ग है।'

### लोकतांत्रिक ताने-बाने को पहुंची है क्षति

महिला सांसदों ने पत्र में आगे लिखा, 'इतिहास आपको उस व्यक्ति के रूप में याद रखे जो कठिन परिस्थितियों में सही के साथ खड़ा रहा और राष्ट्रहित में संवैधानिक मर्यादाओं को बनाए रखा। इतिहास आपको उस व्यक्ति के रूप में याद न रखे जिसने दबाव के आगे झुककर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया।

### 'निष्पक्ष संरक्षक के रूप में काम करें'

पत्र में कहा गया, 'हम आपके पद और आपके व्यक्तित्व का पूरा सम्मान करते हैं। किंतु यह स्पष्ट है कि आप सत्तारूढ़ दल के निरंतर दबाव में हैं। हम आपसे एक बार फिर आग्रह करते हैं कि आप लोकसभा के निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करें। हम इस प्रयास में आपके साथ खड़े रहेंगे और आपका समर्थन करेंगे।'

**सुनामी के मद्देनजर निचले तल पर रहने की व्यवस्था नहीं रखी गई**

# अंडमान में नए आवासीय ढांचे किए गए विकसित

**एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट ने दी जानकारी** | **35 स्थानों पर स्थापित की गई सायरन चेतावनी प्रणाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पोर्ट ब्लेयर

वर्ष 2004 की विनाशकारी सुनामी के बाद अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में सुरक्षित आवास की दिशा में महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधार किए गए हैं। अंडमान प्रशासन ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के सहयोग से ऐसे आवासीय ढांचे विकसित किए हैं, जिनमें निचले तल पर रहने की व्यवस्था नहीं रखी गई है, ताकि भविष्य में सुनामी जैसी आपदाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहायक कमांडेंट श्रीधर आर. ने बताया कि अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह को भविष्य की आपदाओं के प्रति अधिक सुरक्षित बनाया जा रहा है। बैरन द्वीप पर स्थित ज्वालामुखी वर्तमान में सुप्त अवस्था में है और वहां कोई आबादी नहीं होने के कारण इससे किसी प्रकार का तात्कालिक खतरा नहीं है।






### चलाए जा रहे हैं जागरुकता कार्यक्रम

कमांडेंट श्रीधर ने यह भी बताया कि अंडमान-निकोबार में लगभग 836 द्वीप हैं, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में सभी स्थानों तक तत्काल पहुंच एक बड़ी चुनौती बन जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ द्वारा समुदाय आधारित जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को चक्रवात, भूकंप और सुनामी जैसी आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाती है। एनडीआरएफ अप्रैल माह से ग्राम पंचायत स्तर पर पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत टीम स्वयं गांवों में जाकर प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा मोचन बल के अभाव में भारतीय रिजर्व बटालियन, अग्निशमन सेवाओं तथा अन्य विभागों को भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कूल सुरक्षा कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**2004 के बाद नहीं आई बड़ी आपदा :** अंडमान-निकोबार क्षेत्र को 'कम आवृत्ति लेकिन उच्च तीव्रता वाला आपदा क्षेत्र' बताते हुए सहायक कमांडेंट ने कहा कि वर्ष 2004 की सुनामी के बाद यहां कोई बड़ी आपदा नहीं आई है, लेकिन संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सतत तैयारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि द्वीपों की भौगोलिक संरचना ऊँचाई-निचाई वाली होने के कारण व्यापक बाढ़ की संभावना कम रहती है, हालांकि उच्च ज्वार के समय कुछ क्षेत्रों में अस्थायी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**राम मंदिर उड़ाने की साजिश में था शामिल**

# संदिग्ध आतंकवादी की जेल में हत्या

एजेंसी ▶▶| फरीदाबाद



हरियाणा के फरीदाबाद जेल में बंद संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई। साथी कैदी अरुण पर नुकीले हथियार से वार कर रहमान की हत्या का आरोप लगा है। नीमका स्थित जेल की इस घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। अमर उजाला की रिपोर्ट के अनुसार देर रात लगभग दो बजे साथी बंदी ने हमला करके संदिग्ध आतंकी को मौत के घाट उतार दिया। मालूम हो कि अब्दुल रहमान राम मंदिर को बम से उड़ाने की साजिश में शामिल था। वो मूल रूप से जम्मू कश्मीर के कठुआ का रहने वाला था। रिपोर्ट के अनुसार, अरुण चौधरी को भी आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के कारण ही गिरफ्तार किया गया था। साल 2024 में उसे नीमका जेल में शिफ्ट किया गया था।

**हेल्थकेयर में भारत की बड़ी उपलब्धि**

# एम्स दिल्ली बना दुनिया का छठा सर्वश्रेष्ठ अस्पताल


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारत के हेल्थकेयर सेक्टर के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली को ब्रांड फाइनेंस की ग्लोबल टॉप 250 हॉस्पिटल रैंकिंग 2026 में दुनिया का छठा सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ एम्स ने अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस मेडिसिन, ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स और मायो क्लिनिक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एम्स को केयर परसेप्शन, ब्रांड वैल्यू, ब्रांड स्ट्रेंथ और वैश्विक प्रतिष्ठा जैसे पैमानों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह स्थान मिला है। खास बात यह रही कि एम्स का केयर स्कोर टॉप रैंक वाले अस्पताल से महज 1.1 अंक कम रहा, जो सीमित संसाधनों के बावजूद इसकी गुणवत्ता और भरोसे को दर्शाता है।

### टॉप 10 में भारत की दमदार उपस्थिति

रैंकिंग में पहले स्थान पर जॉन्स हॉपकिंस, दूसरे पर ऑक्सफोर्ड और तीसरे पर स्टैनफोर्ड मेडिकल सेंटर रहे। छठे स्थान पर एम्स नई दिल्ली और 13वें स्थान पर टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई ने जगह बनाकर भारतीय हेल्थकेयर की वैश्विक ताकत साबित की है।







# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026




## 5 ट्रेनों की जांच में 188 बेटिकट यात्री पकड़े गए

रायपुर रेल मंडल के मांढ़र स्टेशन पर 7 फरवरी को 'एम्बुश टिकट चेकिंग' अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 टिकट चेकिंग स्टाफ की टीम ने 5 पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों के टिकटों की जांच की। रायपुर-बिलासपुर, गोंदिया-झारसुगुड़ा और गेवरा रोड-रायपुर जैसी लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेनों की जांच के दौरान हर ट्रेन में 40 से 50 यात्री बिना टिकट सफर करते पाए गए। कई कोच में तो एक साथ 5 से अधिक लोग बिना टिकट थे। चेकिंग देख कई यात्री डर के मारे ट्रेन से उतर गए। इस सघन अभियान में कुल 188 यात्री बिना टिकट पकड़े गए, जिनसे रेलवे ने जुर्माने के तौर पर 56,415 रुपये वसूले।

### लोकल ट्रेनों में नियमित जांच के अभाव से बढ़ रहे बिना टिकट के सफर करने वाले यात्री

# अपनी लोकल ट्रेन, बेधड़क चढ़ जाइए...हर मेमू में मिल रहे 50 से ज्यादा बेटिकट यात्री, एक्सप्रेस में भी खौफ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि लोकल ट्रेनों से लेकर एक्सप्रेस के जनरल कोच तक में 5 से 10 यात्री बिना टिकट सफर करते पाए जा रहे हैं। हाल ही में रेलवे द्वारा चलाए गए जांच अभियान में इसका खुलासा हुआ है। रायपुर रेलवे मंडल ने बीते 12 दिनों में स्टेशनों पर दो बड़े स्तर के एम्बुश टिकट जांच अभियान चलाया। इस आकस्मिक जांच में 342 यात्री बिना टिकट सफर करते पकड़े गए। रेलवे ने इन यात्रियों से जुर्माने के रूप में कुल 1,01,940 रुपये का राजस्व वसूला है। जांच में एक अहम बात सामने आई है कि एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में लोकल ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की संख्या सर्वाधिक है। रायपुर से छोटे स्टेशनों के बीच सफर करने वाले ▶▶|शेष पेज 5 पर



स्टेशन में रेलवे ने चलाया एम्बुश टिकट जांच अभियान।

### एक ही दिन में मिले 361 बिना टिकट के यात्री

5 फरवरी को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा बिलासपुर स्टेशन में किलाबंदी टिकट चेकिंग एवं रायगढ़ -बिलासपुर-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिलासपुर स्टेशन एवं रायगढ़ -बिलासपुर-भाटापारा स्टेशनों के मध्य गुजरने वाली 20 ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। इस दौरान कुल 361 मामलों से 1,88,040 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इनमें बिना टिकट यात्रा के 288 मामलों से 1,62,340 रुपये, अनियमित टिकट के 52 मामलों से 23,010 रुपये वसूले गए।


### 2-3 घंटे की जांच में मिल रहे 200 से अधिक बेटिकट यात्री

रेलवे ने ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वालों के खिलाफ जांच अभियान तेज कर दिया है। स्थिति यह है कि छोटे स्टेशनों पर महज दो से तीन घंटे की जांच में ही 200 से अधिक यात्री बिना टिकट पकड़े जा रहे हैं। इसी कड़ी में 29 जनवरी को हुई जांच में लगभग 154 यात्री बिना टिकट मिले थे। जानकारी के मुताबिक, इनमें बड़ी संख्या दैनिक यात्रियों की थी, वहीं कुछ यात्री पैसेंजर ट्रेन के जरिए लंबी दूरी का सफर भी कर रहे थे। इस एक दिन की कार्रवाई से रेलवे को 45,525 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### नरवणे की पुस्तक को लेकर एफआईआर

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी




किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है।

### 47 लाख को 9000 रुपए से कम पेंशन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि देश में कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत 9,000 रुपए से कम पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनभोगियों की कुल संख्या 47.04 लाख है। आंकड़ों के अनुसार, ईपीएस-95 के तहत वर्तमान में पेंशनभोगियों की कुल संख्या 82,11,182 है। ईपीएस-95 योजना के तहत 9,000 रुपए से कम पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनभोगियों की कुल संख्या 47,04,270 है।

### उखरुल में फिर भड़की हिंसा, घर जलाए गए

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग



गांव में कथित तौर पर अन्य घरों में आग लगाये जाने के बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद हुई।

### पंडुम उत्सव के समापन पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को दो टूक, प्रतिभाओं का किया सम्मान

# बस्तर की पहचान बारूद नहीं, समृद्ध संस्कृति 31 मार्च तक घुटने टेक देगा नक्सलवाद



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर भारत की संस्कृति का आभूषण है और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार ने यहां की गौरवशाली परंपराओं को नए प्राण दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में नक्सलियों से सीधी अपील करते हुए कहा कि हिंसा छोड़ो, हथियार उठाओगे तो जवाब मिलेगा। साथ ही कहा, सरकार की लड़ाई किसी समुदाय से नहीं, बल्कि बस्तर की भोली-भाली आदिवासी जनता की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए है। माओवाद उन्मूलन की समय-सीमा अब भी वही है और जवानों के अदम्य साहस से 31 मार्च 2026 तक माओवाद को घुटने टेकने पड़ेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उन्होंने नक्सल पुनर्वास नीति की सराहना करते हुए कहा कि पुनर्वास केंद्रों में आत्मसमर्पण करने वालों को रोजगारमूलक और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

गृहमंत्री शाह बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोककला के भव्य उत्सव 'बस्तर पंडुम' के समापन समारोह को लालबाग में सोमवार को संबोधित कर रहे थे। बस्तर पंडुम 2026 के सभी विजेताओं को केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया। गृहमंत्री ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लोक कलाकारों को राजधानी दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में ▶▶|शेष पेज 5 पर



### बस्तर की सांस्कृतिक विरासत विश्व में अद्वितीयः डिप्टी सीएम शर्मा

डिप्टी सीएम एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर पंडुम के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत विश्व में अद्वितीय है। उन्होंने छेरछेरा पंडुम, तिहार और विजा पंडुम जैसे पारंपरिक उत्सवों को जनजातीय जीवन और कृषि से जुड़ी अमूल्य परंपराएं बताया। उन्होंने कहा कि सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय ध्वज की उपस्थिति दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचना विकास और विश्वास की नई शुरुआत है।

### नक्सल समस्या अंतिम चरण मेंः किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह ने कहा कि बस्तर पंडुम को देश-विदेश में पहचान दिलाने में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के संकल्प से नक्सल उन्मूलन अब अपने अंतिम चरण में है और बस्तर की जनजातीय संस्कृति विश्व के लिए अद्भुत उदाहरण बन रही है।



### बस्तर की संस्कृति अब देश-दुनिया की पहचान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर की संस्कृति को वैश्विक मंच मिला है। इस वर्ष 54 हजार से अधिक कलाकारों ने भाग लेकर लोकनृत्य, गीत, शिल्प, खान-पान,वेशभूषा,साहित्य,औषधीय ज्ञान और नाट्य विधाओं का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अब बस्तर माओवाद नहीं, बल्कि संस्कृति,पर्यटन और संभावनाओं के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर लंबे समय तक नक्सलवाद की पीड़ा से जूझता रहा,लेकिन अब यहां तरक्की की एक नई सुबह देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। मार्च 2026 तक इसे जड़ से समाप्त किया जाएगा।

### अनंतरा मार्ट ने कैरी बैग देने के एवज में ग्राहक से पांच रुपए वसूल किया

# पांच रुपए का कैरी बैग... चुकाने होंगे अब 5 हजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ग्राहक से कैरी बैग के एवज में पांच रुपए वसूल किए जाने पर जिला उपभोक्ता फोरम ने कटोरा तालाब स्थित अनंतरा मार्ट पर वाद व्यय सहित पांच हजार रुपए ग्राहक को लौटाने आदेश दिया है। कैरी बैग के एवज में पैसा लेने तथा ग्राहक द्वारा इसका विरोध करने पर मार्ट के कर्मचारी ने ग्राहक के साथ बुरा बर्ताव किया। इस बात से नाराज होकर मार्ट से सामान खरीदने वाले ग्राहक ने जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा ने दावड़ा कालोनी निवासी मोइनुद्दीन कुरैशी के परिवाद पर फैसला सुनाया है। तीन वर्ष ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कर्मचारी की बदसलूकी की वजह से परिवाद

परिवादी ने खरीदे गये सामान के बार कोड की स्कैनिंग कर जब बिल प्राप्त किया, तो परिवादी को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मार्ट द्वारा बिल की कुल राशि रुपए 517.90 रुपए में कैरी बैग की राशि पांच रुपए को भी सम्मिलित किया गया है। परिवादी द्वारा कैरी बैग की राशि जोड़ने के संबंध में विरोध करने पर मार्ट के कर्मचारी द्वारा कहा गया कि कैरी बैग आपके मांगने पर दिया गया है, उसकी कीमत आपको देनी होगी। परिवादी द्वारा विरोध करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया गया।

### मजबूत वैश्विक रुख का असर

# चांदी फिर 17 हजार रुपए महंगी, सोने में भी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख और कमजोर डॉलर के कारण सोमवार को राष्ट्रीय



राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें छह प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2.72 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी शुक्रवार के 2,55,000 रुपए प्रति किलो के बंद भाव से 17,000 रुपए बढ़कर 2,72,000 रुपये (सभी कर सहित) हो गई।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का ऐसा हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 2.19 डॉलर, या 2.81 प्रतिशत बढ़कर 80.21 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना एक प्रतिशत बढ़कर 5,012.94 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के गांधी ने कहा कि कीमती धातुओं में निवेशकों की भावना को चीन से आए सप्ताहांत के आंकड़ों से और बढ़ावा मिला, जिसमें दिखाया गया कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने ऊंची कीमतों के बावजूद जनवरी में लगातार 15वें महीने सोने की खरीदारी जारी रखी।

### हाईकोर्ट ने रिटायर्ड लेक्चरर को दी राहत

# रिटायरमेंट के 6 महीने बाद जीपीएफ से वसूली अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शासकीय अधिकारी या



कर्मचारी के रिटायरमेंट होने के छह माह बाद सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की राशि से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड लेक्चरर को राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, मामला ▶▶|शेष पेज 5 पर

### वसूली करना नियमों के खिलाफ

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि शासकीय कर्मचारी के रिटायरमेंट के 6 माह के भीतर ही देयकों की वसूली की जा सकती है। इसके बाद वसूली करना नियमों के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम, 1976 के नियम 65 का हवाला देते हुए बताया गया कि यदि किसी शासकीय सेवक के जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष पाया जाता है, तो सेवानिवृत्ति की तिथि से केवल 6 माह की अवधि के भीतर ही वसूली की जा सकती है। इसके बाद वसूली कानूनन गलत है।




### परीक्षा पे चर्चा का द्वितीय चरण, रायपुर के छात्र को मिला पीएम से सवाल पूछने का मौका

# छात्र ने पूछा-परीक्षा के बाद कहां जाएं घूमने? कोई सुझाव!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दूसरे चरण में भी छत्तीसगढ़ के बच्चों, पालकों और शिक्षकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का द्वितीय चरण 9 फरवरी को आयोजित किया गया। इस चरण में राज्य के 36,905 विद्यालयों से कार्यक्रम प्रसारित किया गया, जिसे 26.65 लाख विद्यार्थी, 1.54 लाख शिक्षक एवं 1.68 लाख पालकों सहित 29.89 लाख दर्शकों ने देखा। साथ ही, पूर्ववत 478 सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम देखने की व्यवस्था ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पहले चरण में जुड़े थे 29.87 लाख दर्शक

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रथम चरण का सीधा प्रसारण 6 फरवरी को देशभर के विद्यालयों में किया गया। इस चरण में भी छत्तीसगढ़ राज्य से अत्यंत उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36,903 विद्यालयों में इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ, जिसे 26.65 लाख विद्यार्थियों, 1.54 लाख शिक्षकों एवं 1.68 लाख पालकों सहित कुल 29.87 लाख दर्शकों ने देखा। इसके अतिरिक्त, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री ने छात्र-छात्राओं को दी सलाह





### पीएम छात्रों से बोले-मार्गदर्शन के लिए ही करें एआई का उपयोग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में। प्रधानमंत्री के वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में, मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नयी प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है।



# चलती बस आग लगने से हुई खाक, बाल-बाल बचे 50 यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संडीबंगला

बलौदाबाजार–रायपुर मुख्य मार्ग एनएच 130 बी पर भैंसा के पास रविवार सुबह करीब 9 बजे एक चलती राजधानी बस में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते बस आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही देर में पूरी तरह बस जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि बस में सवार लगभग 50 यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार राजधानी बस पलारी के संडी गांव से निकलते समय ही हल्का-हल्का धुआं छोड़ रही थी, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। आगे भैंसा के पास पहुंचते ही बस में अचानक आग भड़क उठी। चालक ने बस को किनारे रोका। चालक, स्थानीय लोगों और राहगीरों की तत्परता से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मिनटों में ही बस धूं-धूंकर जल उठी और खाक हो गई। सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, वहीं आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। बस बलौदाबाजार से रायपुर की ओर जा रही थी।

## चालक और राहगीरों की तत्परता से यात्रियों की बची जान



### इस मार्ग में चलने वाली अधिकांश बसें कंडम

इस घटना ने एक बार फिर रायपुर–बलौदाबाजार मार्ग पर चल रही बस सेवाओं की जर्जर हकीकत को उजागर कर दिया है। इस मार्ग पर संचालित अधिकांश बसें पूरी तरह कंडम हालत में हैं, जो सड़क पर चलने लायक ही नहीं हैं। बावजूद इसके, इन्हें परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर धड़ल्ले से चलवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का आरोप है कि घोर कमीशनखोरी के चलते नियमों को ताक पर रखकर जानलेवा बसों को सड़कों पर उतारा जा रहा है। आम जनता की सुरक्षा से किसी को कोई सरोकार नहीं है। जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा रहता है।

## राजिम कल्प कुंभ में अव्यवस्था पर बिफरे रोहित

# बीजेपी विधायक, अफसरों पर भड़के और कहा- सरकार की छवि खराब कर रहे

### लगातार शिकायतों के बावजूद नहीं सुधर रही व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

गरियाबंद जिले के राजिम कुंभ कल्प मेले में अव्यवस्था देख राजिम से बीजेपी विधायक रोहित साहू अफसरों पर भड़क गए। उन्होंने अफसरों को फटकार लगाते हुए कहा कि मेले बदइंतजामी और अव्यवस्था फैलाकर सरकार की बदनामी कर रहें। इस दौरान अफसर और इवेंट कंपनी अफसर अगल- बगल झांकते नजर आए।

राजिम कुंभ कल्प मेला में आस्था और संस्कृति के नाम पर बड़ी बदइंतजामी सामने आई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने आए राज्यस्तरीय कलाकार आरु साहू सहित कई कलाकारों को देर रात तक खाना तक नसीब नहीं हुआ। इस गंभीर लापरवाही से कलाकारों में आक्रोश फैल गया और मामला सीधे जनप्रतिनिधियों तक जा पहुंचा। रविवार की रात मुख्य मंच पर कार्यक्रम समाप्त होने के डेढ़ घंटे बाद भी कलाकारों को भोजन नहीं मिला। आयोजकों और इवेंट एजेंसी की इस लापरवाही को कलाकारों ने अपमानजनक बताया। सूचना मिलते ही राजिम विधायक रोहित साहू मौके पर पहुंचे और इवेंट एजेंसी के कर्मचारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से तीखे सवाल किए। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विधायक रोहित साहू ने एजेंसी के कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और दो टूक कहा कि राजिम कुंभ कोई निजी तमाशा नहीं, बल्कि प्रदेश की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है।



### रेस्टोरेंट में ले जाकर विधायक ने कराया भोजन

विधायक रोहित साहू ने मौके पर अफसरों से सवाल जवाब करने के बाद सभी कलाकारों को निजी रेस्टोरेंट में भोजन कराया। साथ चेतावनी दी कि अफसर हो या इवेंट कंपनी कर्मचारी भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नागरिकों और पत्रकारों ने की थी शिकायत

पत्रकारों और आम नागरिकों ने 7 फरवरी को इवेंट कंपनी पर मनमानी, अनावश्यक रोक-टोक और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए थे। साथ ही प्रदर्शन भी किया था। इन शिकायतों को लेकर विधायक रोहित साहू से मुलाकात की गई थी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल जिला प्रशासन और इवेंट कंपनी को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए थे। उसके बावजूद अगले ही दिन 8 फरवरी को अव्यवस्था सामने आ गई, जिससे शिकायतों को बल मिला। प्रस्तुति देने आए कलाकारों को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक बैठाए रखा गया। उन्हें भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया गया। कलाकारों के साथ हुए इस दुर्व्यवहार की जानकारी मिलते ही विधायक रोहित साहू तुरंत मौके पर पहुंचे और क्लास लगा दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को टिप्पर ने कुचला, मौत

**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के लामकेर सेक्टर अंतर्गत नदीसागर जराईगुड़ा केंद्र पदरगुड़ापारा की कार्यकर्ता मंदना बघेल एवं बोड़नपाल पटेल पारा आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता रामदेई बघेल के साथ स्कूटी में सवार होकर जगदलपुर जाने के दौरान पोटानार के पास बेलगाम अनियंत्रित टिप्पर ट्रक स्कूटी सवार कार्यकतार्ओं को जोरदार ठोकर मारकर चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी चला रही कार्यकर्ता छिटक कर दूर जा गिरी, वही पीछे बैठी मंदना बघेल की पहिए के नीचे आने से मौत हुई। घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की खबर सुनते ही विभाग के पर्यवेक्षक सहित कार्यकर्ता महारानी अस्पताल पहुंचकर भर्ती कराया। मृतका मंदना की तीन पुत्री और एक पुत्र है। पति रोजगार सहायक सचिव है। हादसे के बाद से परिजनों में रो रोकर मातम छा गया।

# छात्रों के प्रदर्शन के बाद पीएमश्री स्कूल की प्राचार्य की पदस्थापना हुई निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- स्कूल स्टाफ द्वारा बनाए गए दो वीडियो वायरल होने से विवाद गहराया था

जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय एक बार फिर विवादों के चलते चर्चा में है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गरियाबंद द्वारा जारी आदेश में प्राचार्य वंदना पांडेय की अस्थायी पदस्थापना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। यह आदेश 9 फरवरी 2026 को जारी किया गया।

कार्यालयीन जानकारी के अनुसार पूर्व में आदेश क्रमांक 804/स्था.01 टी/ पदस्थापना/ 2025-26 दिनांक 04 फरवरी 2026 के तहत प्राचार्य को निलंबन से बहाल करते हुए विद्यालय में अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया था। आज पदस्थापना को निरस्त कर दिया गया। पीएम श्री स्कूल एक दिन पहले भी सुर्खियों में रहा। स्कूल स्टाफ द्वारा बनाए गए दो वीडियो दामाद जी आए और रैंप वाक वायरल होने से विवाद गहरा गया। प्राचार्य के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर संस्थान में असंतोष बढ़ने की बात सामने आई, जिससे विद्यालय का माहौल बिगड़ गया।



### छात्रों ने प्राचार्य को हटाने की मांग की थी

5 फरवरी को पीएम श्री स्कूल के 28 स्टाफ सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर को लिखित रूप से मामले से अवगत कराते हुए प्राचार्य को अन्यत्र पदस्थ करने की मांग की थी। पांच दिन तक कोई सुनवाई नहीं होने पर छात्रों ने सोमवार को मोर्चा खोल दिया। सोमवार को सैकड़ों छात्र-छात्राएं स्कूल परिसर से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च पर निकले और प्राचार्य को हटाने की मांग की। छात्रों ने विद्यालय प्रबंधन और व्यवहार को लेकर असंतोष जताया। प्रदर्शन के तुरंत बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए प्राचार्य की पदस्थापना को निरस्त कर दिया। माना जा रहा है कि छात्रों और शिक्षकों के लगातार विरोध तथा विद्यालय में बढ़ते विवादों के चलते जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने यह निर्णय लिया है।


HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?


# ट्रैक्टर पलटा, इंजन में दबने से युवक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

- सांकरा मैनपुर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सांकरा फारेस्ट नाका के आगे मेचका रोड में रविवार की शाम करीब 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम सांकरा से छड़, जाली एवं अन्य निर्माण सामग्री लेकर अपने गृह ग्राम जिडार (मैनपुर) जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस घायलों के बयान और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। ट्रैक्टर सवार परेश नागेश 35 वर्ष ने थाना सिहावा को बताया कि 8 फरवरी को अपने चाचा कांशीराम नागेश के ट्रैक्टर से छड़, जाली, प्लाई खरीदने उनके चालक भावेश ओटी व तामेश्वर मरकाम, गुलाल मरकाम के साथ दोपहर में साकंरा गये थे।



सांकरा से सामान खरीदकर गांव जिडार जाने शाम 5.45 बजे निकले थे। ट्रैक्टर को चालक भावेश ओटी चला रहा था तथा ट्रैक्टर की दाहिनी तरफ बड़े चक्के के उपर मडगार्ड में बने केबिन पर वह बैठा था। बायीं तरफ बड़े चक्के के उपर मडगार्ड मे बने केबिन में गुलाल मरकाम व तामेश्वर मरकाम बैठा था। शाम करीबन 6 बजे मेचका रोड फारेस्ट नाका बेरियर सांकरा नहर नाला के आगे पहुंचे थे कि ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के इंजन में दबने से गुलाल मरकाम की मौत हो गई। परमेश्वर मरकाम को चोटें आई।

# सामाजिक बहिष्कार से परेशान ग्रामीण ने की कलेक्टोरेट में आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- सक्रियता की वजह से बड़ा हादसा टला

कलेक्टोरेट परिसर में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अधेड़ व्यक्ति ने खुद पर मिट्टी तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों की तत्परता से स्थिति पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।

अधेड़ की पहचान शीतलाल निर्मलकर निवासी गंडई के ग्राम कटंगी निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शीतलाल अचानक कलेक्टोरेट परिसर पहुंचा और खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगाने की कोशिश करने लगा। यह देख वहां मौजूद अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक सन्न रह गए। तत्काल हरकत में आई पुलिस ने उसे रोककर सुरक्षित किया। इस दौरान वह हल्का झुलस गया, जिसे बाद में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शीतलाल लंबे समय से अपने गांव में कथित सामाजिक बहिष्कार का सामना कर रहा था। उसने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने उसे और उसके परिवार को सामाजिक रूप से अलग-थलग कर दिया। जिससे उसके बच्चों की पढ़ाई और परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% OFF
24/7 Emergency Services
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

रायपुर
मंगलवार 10 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 24, अंक : 201
पृष्ठ : 12+4+4+8 =28, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.7
न्यून. 15.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





03 खुद की जिंदगी से जोड़ी ओ रोमियो...

विचार पेज
02 लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा देश







# थोक में घपले-घोटाले, आडिट ने पकड़ा, जवाब मांगा तो आधी-अधूरी जानकारी, अब चार दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए गए आडिट में बड़ी संख्या में घपले, घोटले, अनियमितता और गड़बड़ियों को लेकर आपत्तियां सामने आने के बाद जब इनके बार में निकायों से जवाब तलब किया गया, तो आधी-अधूरी और अस्पष्ट जानकारियां दी गई। इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गंभीरता से लिया है और संबंधित निकायों को चार दिनों में सही-सही जानकारी देने का आदेश जारी किया है।

### अब नगरीय प्रशासन ने मांगी सही जानकारी, विधानसभा की समिति करेगी लेखा आपत्तियों का परीक्षण

अलग खबर

### ये है मामला

छ.ग. राज्य संपरीक्षा द्वारा अंकेक्षित स्थानीय नगरीय निकायों, पंचायत राज संस्थाओं, अनुदान प्राप्त एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 जुलाई 2025 सत्र में छ.ग. विधानसभा के पटल पर रखा गया है। इसके मुताबिक स्थानीय नगरीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति द्वारा लिए गए निर्णयानुसार प्रतिवेदन में लेखा आपत्तियों का परीक्षण किया जाना है। लेखा आपत्ति से संबंधित जानकारी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे।




### आडिट में सामने आई थीं ये गड़बड़ियां

राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए गए आडिट की रिपोर्ट की जो मुख्य निष्कर्ष सामने आए हैं वे इस प्रकार हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली सहित विद्यमान, प्रणाली की खामियां, प्रणालियों और प्रक्रिया का अनुसरण करने में विफलता, व्यक्तिगत रूप से विफलता, घाटा, कम मूल्यांकन, कम उद्धरण की राशि के मामले शामिल हैं।

### इन निकायों को देनी होगी सही जानकारी

इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों के आयुक्त, व सीएमओ को सही जानकारी देने का आदेश जारी किया है। जिन निकायों की जानकारी सही नहीं पाई गई है उनमें ये निकाय शामिल हैं। नगर पालिक निगम धमतरी, रायपुर, बीरगांव, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, अम्बिकापुर, कोरबा रायगढ़, चिरमिरी। नगर पालिका परिषद नवापारा, बागबहरा, सिमगा, नेवरा, बैकुण्ठपुर, महासमुंद, सक्ती, कोंडागांव, भाटापारा, सुकमा, किरंदुल, चांपा, बड़े बचेली, रतनपुर, डोंगरगढ़, मंदिर हसौद, दीपिका, खरसिया, बोदरी, खैरागढ़, जांजगीर-नैला, नारायणपुर, सारंगढ़ एवं नगर पंचायत राजिम, लवन, फरसगांव, चारामा, बगीचा, कोतबा ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## राहुल को बोलने की नहीं मिली इजाजत, विपक्ष भड़का

# सिर्फ 13 मिनट में कार्यवाही ठप, अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


संसद के बजट सत्र में आज भी हंगामा ही रहा, सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। पिछले हफ्ते का ज्यादातर काम हंगामे की वजह से बर्बाद हो गया था। सोमवार शाम तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर 102 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए थे, हालांकि विपक्ष के एक प्रमुख दल तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। विपक्षी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के कई सांसदों के साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा सचिवालय को ▶▶ शेष पेज 5 पर

*लोकसभा में बजट सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'बोलने की इजाजत नहीं देने' से विपक्ष में गुस्सा है। इसके साथ ही कांग्रेस की महिला सांसदों के खिलाफ सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को सौंप सकता है।*

### नोटिस पर अब तक 102 सांसदों के हस्ताक्षर, आज कर सकते हैं पेश

### लोकसभा में नहीं चला प्रश्नकाल

लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और बैठक शुरू होने के पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी और सदस्यों ने मेजें थपथपाकर टीम की जीत की सराहना की।



### क्या है विपक्ष का आरोप

विपक्षी दलों का आरोप है कि उन्हें बहस के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता और उनके नोटिसों को चुनिंदा तरीके से स्वीकार किया जाता है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल के अनुसार, जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो अक्सर उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

### चर्चा नहीं होने का नुकसान विपक्ष को ही : रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि अगर संसद में चर्चा नहीं होती है तो इसमें विपक्ष का नुकसान है, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत है और उसे सदन में कोई भी प्रस्ताव पारित कराने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार चाहती है कि हर चीज़ चर्चा के बाद ही पारित हो।

### क्या है स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया?

**14 दिनों का नोटिस :** स्पीकर को हटाने के लिए लिखित नोटिस दिया जाना जरूरी है। वह भी कम से कम प्रक्रिया शुरू करने से 14 दिन पहले। इसी के साथ ऐसे किसी भी प्रस्ताव के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी है।

**सदन की अध्यक्षता :** जब स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर सदन में चर्चा या बहस हो रही होती है, तब स्पीकर सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते। इस दौरान डिप्टी स्पीकर या राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त कोई अन्य सदस्य सदन की कार्यवाही का संचालन करता है।

**मतदान की प्रक्रिया :** स्पीकर को हटाने के लिए सदन के तत्कालीन सभी सदस्यों के बहुमत की जरूरत होती है। सीधे शब्दों में यह सामान्य अविश्वास ▶▶ शेष पेज 5 पर

## स्कूल-संसद में धमाके की धमकी की डेट हुई 'डिकोड'

### 9 और 13 तारीख का अफजल गुरु से निकला कनेक्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। इस बार धमकी स्कूलों के अलावा संसद में धमाके की धमकी देने की भी थी। इसलिए यह और संवेदनशील हो गया। हालांकि जांच हुई तो कुछ संदिग्ध निकलकर नहीं आया लेकिन धमकी देने वालों ने जिन दो तारीखों का जिक्र किया है, उसका कनेक्शन अफजल गुरु से जुड़ता दिख रहा है। स्कूल और संसद को उड़ाने की धमकी देने वालों ने धमाके के लिए 9 और 13 तारीख का जिक्र किया है।



### धमकी में क्या कहा गया?

रिपोर्ट के मुताबिक, धमकी भरे इस ईमेल में कहा गया, स्कूलों में आज (9 फरवरी) को 1 बजकर 11 मिनट पर धमाका होगा। लिखा, दिल्ली बनेगा खालिस्तान'। आज शहीद अफजल गुरु याद विच, बम ब्लास्ट होवेगा। स्कूलां विच आज धमाका। इसमें 9 फरवरी की तारीख का जिक्र है, यह अहम इसलिए है क्योंकि अफजल गुरु को इसी दिन फांसी दी गई थी।

### संसद में 13 तारीख को धमाके

ईमेल में संसद में धमाके की धमकी के लिए 13 फरवरी का जिक्र किया गया। ईमेल में लिखा गया, हिंदूस्तानी पार्लियामेंट बिच बम चलेगा। 13 फरवरी 1.11 बजे होवेगा। 13 फरवरी का जुड़ाव भी सीधे तौर पर अफजल गुरु से है, उसने संसद पर हमला 13 तारीख को ही किया था, केवल महीना दिसंबर का था। अब 13 फरवरी को धमाके की धमकी दी गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम का भी जिक्र ई-मेल में है।

## खबर संक्षेप

### हवाई अड्डे पर यात्री से सोने के बिस्किट जब्त

**अहमदाबाद।** सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने दुबई से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद एक पुरुष यात्री से 96 लाख रुपए मूल्य के सोने के बिस्किट जब्त किये। अधिकारी ने बताया कि 601 ग्राम से अधिक वजन के सोने के बिस्किट रविवार आधी रात को उतरे यात्री ने अपने अंतवस्त्रों में छिपाए हुए थे।



### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत

**मुरैना।** मप्र में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। मृतक बच्चियों की पहचान वैष्णवी सिकरवार (11), छाया गोस्वामी (7) और करिश्मा गोस्वामी (9) के रूप में हुई है। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी, तब 'छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा)' अचानक गिर गई और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेंगे करीब 30 करोड़ मजदूर

**नई दिल्ली।** दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के एक संयुक्त मंच ने सोमवार को कहा कि 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान जारी है। उम्मीद है कि देश भर से कम से कम 30 करोड़ मजदूर इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। सरकार के खिलाफ यूनियनों के समूह ने नौ जनवरी, 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था।




### वाहन की टक्कर से दो नाबालिगों की मौत

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले में अलग अलग घटनाओं में वाहन की टक्कर से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रविवार को कामडारा-बेरो मुख्य सड़क पर हुई। फिल्मोन किन्डो (18) अपने नाबालिग मित्र के साथ परीक्षा केंद्र जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक अन्य दुर्घटना में, एक ऑटोरिक्शा पोकला गेट रेलवे क्रॉसिंग के पास पलट गया।

### टी20 विश्व कप में बहिष्कार का निर्णय वापस

## पाकिस्तान झुका, भारत के साथ 15 को होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| लाहौर

भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 फरवरी को तय कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को औपचारिक रूप से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को यह मैच खेलने की अनुमति दे दी, जिससे पिछले कई दिनों से बना गतिरोध समाप्त हो गया। पाकिस्तान सरकार ने टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बहिष्कार का अपना फैसला वापिस ले लिया है। सरकार के एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका और बांग्लादेश ने इसके लिये तैयार किया। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच कोलंबो में 15 फरवरी को होना है।




### लाहौर मीटिंग के बाद रास्ता साफ

लाहौर में हुई बैठक कई घंटों तक चली, लेकिन सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की ओर से रखी गई ज्यादातर मांगों पर आईसीसी ने सहमति नहीं जताई। इसके बाद पीसीबी ने बहिष्कार के रुख को नरम किया और अब मैच खेले जाने का रास्ता साफ हो गया।

### पाकिस्तान सरकार ने किया था बहिष्कार

इससे पहले यह विवाद तब शुरू हुआ जब पाकिस्तान सरकार ने कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले इस मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था। सरकार के इस आदेश के बाद पीसीबी ने 'फोर्स मेज्योर' का हवाला देते हुए मैदान पर उतरने से मना कर दिया था। पाकिस्तान का यह कदम बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए था, जिसने सुरक्षा कारणों से भारत जाने से इनकार कर दिया था और जिसकी जगह अब स्कॉटलैंड इस टूर्नामेंट में खेल रहा है।

### कमाई वाला मैच

भारत-पाकिस्तान मुकाबला क्रिकेट जगत का सबसे बड़ा और कमाई वाला मैच माना जाता है। ऐसे में इसके रद्द होने से आईसीसी, ब्रॉडकास्टर्स और सभी सदस्य बोर्डों को भारी नुकसान होता। अब मैच तय समय पर होने से टूर्नामेंट और क्रिकेट इकोसिस्टम को बड़ी राहत मिली है।

## जी-20 देशों में सबसे तेज दौड़ लगाएगी भारत की इकोनॉमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। मूडीज ने अपनी बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। हालांकि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है।



### मूडीज ने क्या कहा

मूडीज ने कहा कि हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4 प्रतिशत रहेगी, जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों के कारण जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी।

### बैंकिंग सिस्टम में दम

मूडीज ने कहा कि महंगाई कंट्रोल में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूचे बैंकिंग सिस्टम में लोन ग्रोथ वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13 प्रतिशत रह सकती है।

## एसआईआर के काम में नहीं आने देंगे रुकावट

### सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।



### ममता के वकील की ऐसी दलील

सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# मुस्लिम एक-तिहाई हिस्से का ही कर सकता है वसीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के तहत संपत्ति की वसीयत को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी मुस्लिम व्यक्ति अपनी कुल संपत्ति का केवल एक-तिहाई हिस्सा ही वसीयत के जरिए किसी को दे सकता है। इससे ज्यादा हिस्सा देने के लिए बाकी कानूनी वारिसों की मृत्यु के बाद स्पष्ट और स्वतंत्र सहमति जरूरी है। बिना सहमति के पूरी संपत्ति की वसीयत अवैध मानी जाएगी। यह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुस्लिम कानून में गोद लेने की मान्यता नहीं

हाईकोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को अपील को स्वीकार करते हुए दो महत्वपूर्ण कानूनी सवालों पर सुनवाई की। जैबुन निशा की ओर से अधिवक्ता पराग कोटेचा ने दलील दी कि मुस्लिम कानून में गोद लेने की कोई मान्यता नहीं है। सिकंदर ने खुद लिखित बयान में स्वीकार किया कि वह अब्दुल सत्तार का सगा बेटा नहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर



### सौम्या को हाईकोर्ट जाने के निर्देश

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया की याचिका पर भी सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें राहत देने के बजाय छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रुख करने का निर्देश दिया। सौम्या चौरसिया को कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने पिछले साल दिसंबर में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चैतन्य की जमानत पर एक हफ्ते बाद होगी सुनवाई

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को चुनौती देने वाली छत्तीसगढ़ सरकारी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ▶▶ शेष पेज 5 पर



## चिंतन

# शहरों के विकास पर नए तरीके से सोचना होगा

देश में शहर तेजी से फैल रहे हैं, लेकिन विकास की यह रफ्तार अब आम लोगों की जान और सेहत के लिए खतरा बनती जा रही है। सड़कें, मॉल, दुकानें, सीवर और पानी की लाइनें सब कुछ बन रहा है, लेकिन बिना समुचित योजना, निगरानी और जवाबदेही के। नतीजा यह है कि शहरों में होने वाले हादसे अब अपवाद नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई बन चुके हैं। सवाल यह नहीं है कि हादसे क्यों हो रहे हैं, बल्कि यह है कि इन्हें रोकने के लिए जिम्मेदार कौन हैं और कब तक इस लापरवाही को दुर्घटना कहकर टाला जाता रहेगा। शहरों की बदहाल स्थिति के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी अव्यवस्थित विकास मॉडल की है। सड़कों की खुदाई, निर्माणाधीन मॉल और दुकानों के आसपास खुले गड्ढे, बिना बैरिकेडिंग के चल रहा काम और सुरक्षा मानकों की अनदेखी ये सभी सीधे तौर पर इंसानी जान से खिलवाड़ हैं। हाल के दिनों में सामने आई घटनाएं इस व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी हैं। नोएडा में पिछले महीने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत एक दर्दनाक उदाहरण है। निर्माणाधीन मॉल के पास बिना बैरिकेड और चेतावनी संकेतों के खुले, पानी से भरे गहरे गड्ढे में उनकी कार गिर गई। इंजीनियर ने खुद पुलिस को फोन कर मदद मांगी, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिली और उनकी जान चली गई। यह हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की असंवेदनशीलता और लापरवाही का नतीजा था। अब दिल्ली में भी ऐसी ही एक और भयावह घटना सामने आई, जहां 25 वर्षीय युवक रात में घर लौटते समय दिल्ली जल बोर्ड के पास करीब 4.5 मीटर गहरे गड्ढे में गिर गया। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि वह युवक करीब आठ घंटे तक गड्ढे में पड़ा तड़पता रहा, मदद के लिए गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी या विभाग हरकत में नहीं आया। न चेतावनी बोर्ड थे, न बैरिकेडिंग और न ही निगरानी। यह गड्ढा सिर्फ सड़क में ही नहीं, बल्कि सिस्टम की जवाबदेही में भी उतना ही गहरा था। जांच एजेंसियों ने इस मामले को महज दुर्घटना नहीं, बल्कि गंभीर और आपराधिक लापरवाही माना है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या महज कुछ गिरफ्तारियों से शहर सुरक्षित हो जाएंगे? शहरों की दुर्दशा का एक और पहलू बढ़ता प्रदूषण है। धूल, अव्यवस्थित ट्रैफिक, लगातार चल रहे निर्माण कार्य और सर्दियों में स्मॉग ने शहरों में सांस लेना तक मुश्किल कर दिया है। प्रदूषण और सड़क हादसे मिलकर हर साल हजारों जिंदगियों को लील रहे हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि शहरी नियोजन की विफलता का भी मुद्दा है। अब समय आ गया है कि सरकार और शहरी प्रशासन नए सिरे से सोचें। जैसे देशभर में बाईपास और राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाया गया, वैसे ही शहरों के अंदरूनी ढांचे के लिए भी दीर्घकालिक और समग्र योजना बनाई जाए। आबादी के अनुपात में सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज और पानी की लाइनें विकसित हों। इंदौर जैसी घटनाएं, जहां पानी और सीवर की लाइनें एक साथ होने से लोगों की जान गई, यह बताती हैं कि बुनियादी सुविधाओं में तालमेल की कितनी कमी है। सबसे जरूरी है जवाबदेही तय करना। हर निर्माण कार्य के लिए स्पष्ट जिम्मेदारी, नियमित निरीक्षण और सुरक्षा मानकों का सख्त पालन अनिवार्य होना चाहिए। खुले गड्ढे, अधूरे काम और लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। हादसे के बाद मुआवजा और जांच से ज्यादा जरूरी है हादसों को होने ही न देना। शहर तभी सच में विकसित कहलाएंगे, जब वहां रहने वाले लोग खुद को सुरक्षित व स्वस्थ महसूस करें।

# लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा देश



नक्सलवाद
रोहित माहेश्वरी

देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बची ही नहीं हैं। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है।

जिस तरीके से पूरे देश में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है, उससे एक बात साफ है कि केंद्र की मोदी सरकार पूर्ण दृढ़ संकल्प और शपथ के जिस पथ को लेकर चल रही थी, उसमें एक मजबूत रणनीति अब दिखने लगी है। केंद्र सरकार ने इस साल 31 मार्च तक लाल आतंक को खत्म करने की समय सीमा तय कर रखी है। जो पूरी होती दिखने लगी है। देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। 1967 में बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुई नक्सलवाद की समस्या ने दशकों तक लाखों निर्दोष लोगों और सुरक्षाकर्मियों की जान ली और कई क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई।

पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है, जिनमें से केवल तीन ही सबसे अधिक प्रभावित बचे हैं, जो लाल गलियारे के लगभग खात्मे का संकेत है। अकेले साल 2025 में, 317 नक्सलियों शीर्ष नेतृत्व सहित को मार गिराया गया, 800 से अधिक को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,000 ने आत्मसमर्पण किया, जिससे नक्सलियों को अब तक की सबसे बड़ी क्षति मिली और मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त भारत की ओर तेजी से प्रगति हुई। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित है। इसमें सात जिले शामिल हैं। ये जिले महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करते हैं, और लंबे समय से इसे माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माने जाते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान तेज हुए हैं, जिससे नक्सलवाद पर तगड़ा प्रहार हुआ है।

छत्तीसगढ़ में साल 2024 से अब तक सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशवा राव उर्फ बसवराजू जैसे टॉप नक्सल लीडर सहित 500 से अधिक नक्सलियों को फोर्स ने एनकाउंटर में मार गिराया है। इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ में 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। तीन जनवरी को, बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ में कुल 14 माओवादी मारे गए थे। जिस तरह से आत्मसमर्पण को लेकर नक्सलियों की संख्या बढ़ी है, उससे एक बात साफ है कि नक्सलियों के भीतर इस बात का भय बैठ गया है, कि 31 मार्च तक आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो सरकार किसी तरह के समझौते के मूड में अब नहीं है। इसका परिणाम भी दिखा है। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रहे माओवादी कमांडर जो यहां रहे वे सभी मारे गए हैं। हिड़मा से लेकर जिन लोगों को भी छत्तीसगढ़ में कमान दी गई थी, या तो वह राज्य छोड़कर चले गए या फिर न्यूट्रलाइज हुए हैं। बचे हुए कैडर के पास अब इतनी क्षमता नहीं बची, कि वो नक्सल अभियान को आगे लेकर चल सकें। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए नेशनल पार्क का 2799 वर्ग किलोमीटर का इलाका सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता था। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना का बॉर्डर इलाका घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। माओवादी इसे अपने कॉरिडोर के रूप में उपयोग करते थे, यह भी कहा जा सकता है, कि यह इलाका नक्सलियों



का सबसे अभेद दुर्ग वाला इलाका रहा है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। साल 2025 के बाद जिस नक्सल अभियान को चलाया गया उसमें यह बात तय की गई, कि मानसून के मौसम में भी इस अभियान को नहीं रोका जाएगा। नक्सलवाद को खत्म करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में हेलीकॉप्टर मिल जाने के बाद सुरक्षाबलों को बहुत सहूलियत मिल गई। मॉनिटरिंग भी तेज हो गई।

नेशनल पार्क इलाके में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के बॉर्डर पर फोर्स तैनात होने के साथ ही सुरक्षा बलों ने कैंप खोल दिए, जिससे फोर्स की गतिविधियां तेज हो गईं। छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली एनकाउंटर और उसमें जिस तरीके के नक्सली मारे गए, उसके बाद छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बचे ही नहीं हैं। जो भी नक्सली छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन को दिशा देते थे, उसके लिए रणनीति बनाते थे, उन तमाम नक्सलियों को या तो न्यूट्रलाइज किया गया या फिर कई ऐसे हैं जिन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है। यह एक बड़ी वजह है कि 60 दिनों के भीतर इसे पूरे तौर पर खत्म कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने एनआईए में एक समर्पित विभाग बनाकर नक्सलियों के वित्तपोषण पर प्रभावी ढंग से लगाम लगा दी है। इस विभाग ने 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्यों ने भी 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है और प्रवर्तन निदेशालय ने 12 करोड़ रुपये कुर्क किए हैं। इस एक साथ की गई कार्रवाई से शहरी नक्सलियों को गंभीर नैतिक और मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है और उनके सूचना युद्ध नेटवर्क पर नियंत्रण और भी कड़ा हो गया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश के नक्सल मुक्त करने को लेकर बनी रणनीति में राज्यों के बीच समन्वय मजबूत आधार बना। राज्यों के बीच आपसी तालमेल नहीं होना नक्सलियों के सफल होने का एक कारण होता था। नक्सलियों को समाप्त करने को लेकर जब रणनीति तैयार होनी शुरू हुई, तो उसके लिए पहली लाइन समन्वय की बनाई गई, ताकि इस अभियान को बल मिले। बीती 8 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई एक विशेष कॉन्क्लेव के दौरान शाह ने माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की पुरजोर अपील की।

भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क और मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार करके बुनियादी ढांचे को काफी मजबूत किया है, जिससे पहुंच, सुरक्षा प्रतिक्रिया और सामाजिक-आर्थिक एकीकरण में सुधार हुआ है। मई 2014 से अगस्त 2025 तक, केंद्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है, जबकि कुल 17,589 किलोमीटर की परियोजनाओं को 20,815 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। इन सबके बीच नक्सलवाद के खत्म होने के बाद विकास की जिस बुनियाद को जमीन पर उतरना है, वह बहुत बड़ी चुनौती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण उन सरेंडर नक्सलियों की है जिन्होंने सरेंडर पॉलिसी के तहत आत्मसमर्पण किए हैं। उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखना बड़ी चुनौती है। यहां शासकीय कमजोरी या प्रशासनिक ढांचे की लचर व्यवस्था की कोई भी छाप इस अभियान को फेल करने की बड़ी वजह बन सकता है। इसमें सबसे जरूरी है आम सुविधाओं का विस्तार और जो लोग सरकार की व्यवस्था पर भरोसा करके आए हैं, उस भरोसे को कायम रखने के सरकार के वैसे निर्णय जो सिर्फ विकास के लिए जाने जाते हैं, सबसे बड़ी चुनौती हैं। वास्तव में, देश से नक्सलवाद का खत्म होना विकासवाद की उस अवधारणा की पहली कुंजी है, जिससे भारत पूरे विश्व के फलक पर एकजुट होकर सिर्फ विकास की लड़ाई लड़ेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संसद सत्र
अम्बरीष प्रजापति



# जनता की उम्मीदों पर भारी पड़ता 'हंगामा'

भारत में संसद भारतीय लोकतंत्र का मंदिर है जहां से देश की नीति और नियति तय होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सत्र दर सत्र हंगामे की भेंट चढ़ने का एक चिंताजनक चलन बढ़ा है। जब संसद की कार्यवाही बाधित होती है, तो यह केवल शोर-शराबा नहीं होता, बल्कि देश के विकास की गति पर ब्रेक होता है। 2026 में हाल ही के सत्र में महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बोलना था लेकिन प्रधानमंत्री के बोलने से पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस सत्र में 3 फरवरी को 36 मिनट, 4 फरवरी को 30 मिनट और 5 फरवरी को सिर्फ 12 मिनट संसद चली। संसद सत्र को 6 दिन में 42 घंटे चलना था लेकिन मात्र 7 घंटे 69 मिनट ही चला। 34 घंटे 31 मिनट का समय हंगामे के कारण बर्बाद हो गए। संसद सत्र के इन 6 दिनों में 25 करोड़ 89 लाख रुपये फिजूल में अपव्यय हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार हर सत्र में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों और नीतियों पर चर्चा के लिए तैयार रहती है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष की ओर से लोकतांत्रिक चर्चा के बजाय 'हंगामे' को एक हथियार बना लिया गया है। संसद का बाधित होना केवल सरकार की कार्यवाही रोकना नहीं, बल्कि देश की प्रगति में रोड़ा अटकाना है। संसद की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना अब एक सामान्य प्रक्रिया बनती जा रही है, लेकिन इसके पीछे छिपे आर्थिक और विधायी नुकसान इतने गहरे हैं कि वे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। संसद के हालिया सत्रों के आंकड़े बताते हैं कि जब सदन में संवाद होता है तो जनहित के कार्य सार्थक होते है, लेकिन गतिरोध होने पर जनता के करोड़ों रुपये और सैकड़ों घंटे पानी में बह जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र के दौरान संसद चलाने का अनुमानित खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए प्रति मिनट तक आता है। यदि पूरा एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ता है तो लगभग 8 से 9 करोड़ का सार्वजनिक धन बर्बाद हो जाता है। सोचने वाली बात है, यही पैसा जो स्कूल, अस्पताल या बुनियादी ढांचे के निर्माण में खर्च हो सकता था, लेकिन हंगामे के कारण जनता का पैसा बिना किसी कार्य के बर्बाद हो रहा है। बीते संसद सत्रों में भी ऐसा कुछ हाल रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बजट सत्र 2024 में लोकसभा में 123%, राज्यसभा में 110% बजट पर चर्चा हुई। मानसून सत्र 2025 में लोकसभा में 29%, राज्यसभा में 34% चर्चा हुई। शीतकालीन सत्र 2025 में लोकसभा में 111%, राज्यसभा में 121% चर्चा हुई। हंगामे के कारण करीब दो-तिहाई समय बर्बाद हुआ। प्रश्नकाल के दौरान मानसून सत्र 2025 में लोकसभा में केवल 23% और राज्यसभा में मात्र 6% प्रश्नकाल का उपयोग हो पाया। इसका अर्थ है कि जनता के 100 में से 90 से ज्यादा सवालों के जवाब मंत्रियों को देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। मानसून सत्र 2025 में निर्धारित घंटों का लगभग 70% समय शोर-शराबे और स्थगन की भेंट चढ़ गया। लोकतंत्र में संसद वह स्थान है जहां सुझाव दिए जाते हैं और कमियां बताई जाती हैं। सरकार ने बार-बार स्पष्ट किया है कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार ने बजट सत्र 2024 और शीतकालीन सत्र 2025 में रिकॉर्ड बिल पेश किए, लेकिन विपक्ष ने चर्चा में भाग लेने की बजाय वेल में आकर नारेबाजी करना बेहतर समझा। ऐसे ही मानसून सत्र में हंगामे के बीच 8 विधेयक बिना किसी विस्तृत चर्चा के पारित हो गए। पक्ष व विपक्ष आपस में एक दूसरे को दोष देना मात्र ही समस्या का समाधान नहीं है। इसके लिए संसद में सार्थक बदलाव की आवश्यकता हैं। कार्यवाही का अनिवार्य समय तय हो। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि 'जितने घंटे हंगामे में बर्बाद हों, सदन उतनी ही देर अतिरिक्त चले' और सदन स्थगन होने पर सत्र पर होने वाला खर्च संसद सदस्यों के वेतन भत्ता से कटौती करने पर विचार किया जाना चाहिए। सदन की गरिमा भंग करने वाले सदस्यों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। सत्र के दौरान पक्ष व विपक्ष की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप करने से बचना चाहिए, बल्कि आरोप-प्रत्यारोप के लिए दिन निर्धारित करने के संबंध में विचार किया जाना चाहिए ताकि संसद सत्र सुचारु रूप से चल सके। सरकार को भी विपक्ष की मांगों को सुनने के लिए उदारता दिखानी चाहिए ताकि टकराव की स्थिति न बने। संसद केवल ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं का केंद्र है। लोकतंत्र संवाद से चलता है, गतिरोध से नहीं। बार-बार का व्यवधान न केवल वित्तीय बर्बादी है, बल्कि इससे जनता का लोकतंत्र पर भरोसा कम भी होता है। सरकार की प्राथमिकता हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' रही है। विपक्ष को चाहिए कि वह विरोध करने की राजनीति छोड़कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बने।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु व आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा- जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक-एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे, आखिर लालच ही बुरी बला है।

## बद्रीनाथ धाम बर्फ से ढका



उत्तराखंड के चमोली जिले में सोमवार को हुई ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बद्रीनाथ धाम दिख रहा है।

## आज की पाती

### जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी

जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी आध्यात्मिक, सामाजिक, प्राकृतिक व किसी भी रूप से किसी भी जानवर और वनस्पति को नष्ट करना वर्जित है। विशेषकर वन और मनुष्य एक दूसरे के पर्याय ही हैं। इसलिए जल, जंगल व जमीन की निरंतर सुरक्षा और संरक्षण बहुत ही आवश्यक हो जाता है। प्रदेश के सम्पूर्ण प्राणिजात व वनस्पतिजात (फ्लोरा एंड फौना) का पूर्ण संरक्षण और संवर्धन निश्चित रूप से अनिवार्य है। जिस प्रकार हमारे सारे वातावरण में प्रत्येक पेड़-पौधे, जड़ी-बूटी का होना प्राकृतिक रूप से अनिवार्य है, उसी प्रकार छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जंगली जानवरों की उपस्थिति भी बहुत ही आवश्यक है। यह सत्य है कि हमने ही जंगली जानवरों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ कर दी है।

*- रमेश सरकार, भाटापारा*

## ट्रेंड

### विश्वास की परंपराएं मजबूत



भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं।
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### वैश्विक पहचान पा रहा बस्तर



नक्सलियों ने जिस बस्तर को सदियों तक आईईडी और बारूदों के अंधकार में झोंक रखा था, मोदी जी के नेतृत्व में वहां की कला, संस्कृति, खान-पान और विरासत वैश्विक पहचान पा रही है। जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम' में जनजातीय कला व संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया। **-अमित शाह,** गृहमंत्री

### यूएस से तेल खरीद हमारे हित में



अमेरिका से तेल या एलएनजी, एलपीजी की खरीद भारत के अपने रणनीतिक हित में है, क्योंकि हम अपने तेल स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। 'ट्रेड डील में यह तय नहीं होता है कि कौन किससे और क्या खरीदेगा। ट्रेड डील व्यापार के रास्ते को आसान बनाता है।
**-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### किताब छप चुकी



रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी एलओपी और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। सत्तापक्ष के सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

## करंट अफेयर


# सिंगापुर में तमिल समाचार पत्र 'प्रस्तोता' पुरस्कृत



सिंगापुर की समाचार प्रस्तोता पावलाकंथम अजहागरसामी को देश में तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए मीडियाकॉर्प के 'प्रधान विझा 2026' में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देता है। उनका करियर चार दशकों से भी अधिक समय का है और उन्होंने सिंगापुर के मीडिया जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। सिंगापुर के सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया समूह 'मीडियाकॉर्प' ने रविवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि यह पुरस्कार वार्षिक समारोह के 21वें संस्करण के दौरान प्रदान किया गया जो सिंगापुर के भारतीय मनोरंजन जगत में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है। सिंगापुर के राष्ट्रीय मीडिया नेटवर्क ने कहा, 'एक सम्मानित समाचार प्रस्तोता, मार्गदर्शक और उद्योग की मजबूत स्तंभ के रूप में चार दशकों से अधिक लंबे करियर में पावलाकंथम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। वह आज भी रेडियो और टेलीविजन उद्योग में तमिल मीडिया पेशेवरों की नयी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती हैं।' शनिवार को मीडियाकॉर्प के थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शन और कार्यक्रम श्रेणियों के तहत कुल 19 पुरस्कार दिए गए।

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# वैलेन्टाइन वीक में रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना है। वैलेन्टाइन वीक चल रहा है। मोहब्बत वाले इस महीने में अगर आप घर बैठे कोई बढ़िया सी मूवी या सीरीज देखना चाहते हैं तो ओटीटी पर आपके लिए दिलचस्प विकल्प हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में कई बढ़िया फिल्में और सीरीज हैं।*



### अमर विश्वास

छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। वे कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' में नजर आएंगे। इसमें वे वकील की भूमिका अदा करने वाले हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### कोहरा सीजन 2

वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन फरवरी से स्ट्रीम होगा। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी।

### माना शंकरा वर प्रसाद गारू

चिरंजीवी, वेंकटेश और नयनतारा अभिनीत यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इस तेलुगु एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुड़ी ने किया है। थिएटर्स में यह फिल्म 12 जनवरी 2026 को रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 11 फरवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। यह 12 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भानुप्रिया भूतर होटल

यह एक बंगाली हॉरर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में स्थित एक आलीशान होटल पर आधारित है। इसमें मिमी चक्रवर्ती, सोहम मजूमदार, बोनी सेनगुप्ता और स्वास्तिका दत्ता जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अरित्र मुखर्जी ने किया है। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे 13 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

### द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स

यह अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बीते वर्ष सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देगी। इसका निर्देशन माइकल चेव्स ने किया है। इस फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन, मिया टॉमलिंसन और बेन हार्डी जैसे सितारे हैं। ओटीटी पर यह फिल्म 13 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# द केरल स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड का दूसरा गाना रिलीज...



**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड'का इमोशनल गाना 'ओ माई री'रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है, जिसने इसे और भी इमोशनल बना दिया है। पहले पार्ट 'द केरल स्टोरी'ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का दूसरा गाना 'ओ माई री'रिलीज किया गया है। ओ माई री'गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निःस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है। मन्नन शाह का सोलफुल म्यूजिक और मनोज मुंतशिर के इमोशनल लिरिक्स इस गाने को और भी खास बना देते हैं। 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है।

NCL GROUP
WALK-IN INTERVIEW
NAGARJUNA CEMENT

**NCL Industries Limited**, a leading Building Materials Manufacturing Company is looking for suitable candidates for **Sales Officer**.

Any **Intermediate / Graduate** with minimum 2-4 years of Experience in **Sales & Marketing**.

**Job Locations: 1.** Jeypore (Odisha),
**2.** Jagdalpur (Chhattisgarh).

Interested candidates may **walk-in** for interview at the below mentioned venue, with resume and a photograph:

**Date: 12th February, 2026 (Thursday)**
**Time: 10.00 am to 5.00 pm**

**Venue: Hotel Signature**, Second Ln, Near Vedika Lawn, Nehru Nagar, Mill Street, **Jeypore**, Odisha-764001.

Contact No.: **8977023252 / 9133330238**
Mail your bio-data to **careers@nclind.com**

**NCL INDUSTRIES LIMITED**

## टीवी मसाला




# पलक झपकते ही बदल जाती है शैतान की कहानी

**नई दिल्ली।** 2 घंटे 12 मिनट की फिल्म में हॉरर, सस्पेंस की कोई कमी नहीं दिखेगी। जो लोग दिमाग हिलाने वाला सस्पेंस चाहते हैं उनके लिए ये फिल्म बिल्कुल परफेक्ट है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद ये फिल्म शैतान है। इस फिल्म में डर ही एक भाषा की तरह है, इसलिए भाषा कोई बाधा नहीं है। सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म शैतान गुजराती में रिलीज हुई वश की रीमेक है।फिल्म की कहानी बहुत सिंपल है। कबीर ऋषि (अजय देवगन) अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोडिवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ छुट्टियां मनाने अपने फार्महाउस जाता है। कार से यात्रा करते हुए, वे रास्ते में एक ढाबा पर खाना खाने के लिए रुकते हैं। वहां वनराज (माधवन) किसी तरह उनकी मदद करता है और दोस्ती कर लेता है। इसी दौरान वनराज द्वारा दी गई मिठाई खाने के बाद जानवी पूरी तरह वनराज के नियंत्रण में आ जाती है।

वनराज पीछा करते हुए फार्महाउस तक पहुंचता है और जानवी को अपने इशारे पर चलाता है। वह उसे अपने पास देने की मांग करता है, जिससे माता-पिता के लिए यह बड़ा संकट बन जाता है। माता-पिता और वनराज के बीच संघर्ष में क्या जानवी बच पाई या खो गई? वनराज की पृष्ठभूमि क्या है? यही फिल्म की आगे की कहानी है। फिल्म की शुरुआत काफी हल्की-फुल्की होती है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अनपेक्षित घटनाएं दर्शकों को बांध लेती हैं। खासकर माधवन की एंट्री से ही लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। एक ही घर, सिर्फ पांच किरदार, 2 घंटे में जो घटनाएं और ट्विस्ट होते हैं, वे चौंका देते हैं।

# खुद की जिंदगी से जोड़ी ओ रोमियो की कहानी


**मुंबई।** तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन, अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।' उन्होंने आगे




कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।' तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है। फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है।

# गोदभराई में लैमन ग्रीन लहंगे में खूब दमकीं सोनम

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी एक्टिंग ही नहीं, फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। मौका कोई भी हो वे अपने स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं। रविवार को उनकी गोदभराई की रस्म हुई। होने वाले बच्चे को आशीर्वाद देने तमाम सितारे पहुंचे। सोनम कपूर ने बेबी शावर में




लाइम ग्रीन कलर की ड्रेस पहनीं। उन्होंने अपनी गोदभराई की फोटोज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। सोनम कपूर की गोदभराई में अभिनेता अनुपम खेर भी पहुंचे। उन्होंने सोनम कपूर की फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामना दी है। अनुपम खेर ने लिखा है, 'प्यारी सोनम तुम्हें गोदभराई की शुभकामनाएं। खूब प्यार और आशीर्वाद'। सोनम ट्रेडिशनल लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं। हैवी ज्वैलरी से उन्होंने अपना लुक कंपलीट किया है। सोनम कपूर की गोदभराई के कार्यक्रम में डेकोरेशन भी खास की गई। फूलों से घर को सजाया गया। सोनम कपूर की कजिन अंशुला कपूर ने गोदभराई फंक्शन की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी हैं। इसके अलावा मसाबा गुप्ता भी प्रोग्राम में शामिल हुईं। उन्होंने भी फोटो शेयर की है। गोदभराई की रस्म की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए तमाम सेलेब्स ने सोनम कपूर और आनंद आहूजा को बधाई दी है। आनंद आहूजा और सोनम ने साल 2018 में शादी रचाई थी। अगस्त 2022 में कपल ने पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। बेटे का नाम उन्होंने वायु रखा है।




# बॉलीवुड की वो फिल्म, जिसे बनने में लगे 23 साल रिलीज से पहले हुई 2 लीड एक्टर, डायरेक्टर की मौत

*नई दिल्ली। कई बार देखा गया है कि फिल्मों को बनने में कई साल लग जाते हैं। कई बार डायरेक्टर और स्टार्स के बीच अनबन की वजह से ऐसा होता है तो कई बार बजट को लेकर, या फिर फीस को लेकर भी समस्याएं आती हैं। इन कारणों के चलते भी फिल्में सालों तक लटकी रहती हैं। इनके चलते कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों तक पहुंचने में लंबा समय लग जाता है। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे बनने में 23 साल लगे।*



### 1963 में शुरू हुई थी फिल्म की शूटिंग

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसकी शूटिंग 1963 में शुरू हुई थी, लेकिन यह 1986 में रिलीज हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि जब तक ये फिल्म पर्दे पर आई इसके दो कलाकार और एक निर्देशक की मौत हो चुकी थी। इसके बाद निर्देशक की पत्नी ने फिल्म का निर्देशन पूरा किया। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वह है 'लव एंड गॉड' , जिसे 'कैस और लैला' के नाम से भी जाना जाता है ।

### मेन लीड की हुई मौत

फिल्म 'लव एंड गॉड' लैला और मजनू की पौराणिक प्रेम कहानी पर आधारित थी । गुरु दत्त ने कैस की भूमिका निभाई थी, जबकि निम्मी ने लैला का किरदार निभाया था। लेकिन, 1964 में दत्त का अचानक निधन हो गया और कैस के रोल के लिए नए कलाकार को लेना पड़ा। इसके बाद इस रोल के लिए संजीव कुमार को चुना गया। हालांकि, त्रासदी फिर से घटित हो गई। 1970 में फिर से फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

### *15 साल बाद किया रिलीज का फैसला*

*15 साल बाद आसिफ की पत्नी अख्तर आसिफ ने अधूरी फिल्म को रिलीज करने का फैसला किया। उन्होंने निर्माता-निर्देशक-वितरक के.सी. बोकाडिया की मदद ली। फिल्म की बची हुई शूटिंग अलग-अलग तीन स्टूडियो में पूरी की गई और फिल्म को रिलीज किया गया, लेकिन फिल्म रिलीज से पहले 1985 में फिल्म के लीड एक्टर संजीव कुमार की भी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद आखिरकार, जैसे-तैसे इस फिल्म को 27 मई 1986 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। इन्हीं घटनाओं की वजह से 'लव एंड गॉड' फिल्म को मनहूस कहा जाता है। क्योंकि, इस फिल्म को बनाने के दौरान एक्टर से लेकर डायरेक्टर-प्रोड्यूसर तक की मौत हो गई थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।*

**खबर संक्षेप**

## रुपया नौ पैसे टूटकर 90.74 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में नौ पैसे टूटकर 90.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापारी भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार ढांचे के विवरण का आकलन करते नजर आए। विदेशी पूंजी के समर्थन पर निवेशकों के जोखिम से बचने के रवैये का असर पड़ा।

## बजाज इलेक्ट्रिकल्स को 34.1 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 34.10 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। लाभ मार्जिन में कमी और नयी श्रम संहिताओं के प्रभाव के कारण उसे यह घाटा उठाना पड़ा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 33.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

## मेकमाइट्रिप ने माइनर होटल्स से किया करार

**नई दिल्ली।** नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच मेकमाइट्रिप ने सोमवार को दुनिया भर में 560 से अधिक संपत्तियों का संचालन करने वाले वैश्विक आतिथ्य समूह माइनर होटल्स के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग भारतीय यात्रियों के लिए यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के शहरों और रिसॉर्ट स्थलों में अंतरराष्ट्रीय प्रवास के विकल्पों को बढ़ाएगा।

## ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मा का लाभ 29 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** ग्लैक्सो - स्मिथक्लाइन (जीएसके) फार्मास्युटिकल्स का चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत बढ़कर 296 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में यह बताया। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 230 करोड़ रुपये था। जीएसके फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसका परिचालन राजस्व बढ़कर 1,041 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 949 करोड़ रुपये था। दवा विनिर्माता कंपनी ने कहा कि यह प्रदर्शन देश की व्यापक आर्थिक स्थितियों और आंतरिक आपूर्ति की चुनौतियों को दूर करने के प्रयासों के बीच रहा है।

## पर्पल फाइनेंस 'इक्विटी वारंट' से जुटाएगी 69 करोड़

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर्पल फाइनेंस ने 55 रुपये प्रति 'इक्विटी वारंट' की दर से 1.26 करोड़ 'इक्विटी वारंट' जारी कर 69.30 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पर्पल फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संबंध में फैसला छह फरवरी को हुई निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। कंपनी ने कहा कि मौजूदा एवं नए दोनों निवेशकों की निरंतर भागीदारी उसके कारोबारी मॉडल, प्रशासनिक ढांचे और दीर्घकालिक वृद्धि रणनीति में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। कंपनी विस्तार के समर्थन के लिए अपने पूंजी आधार को और मजबूत कर रही है। 'इक्विटी वारंट' एक ऐसा अधिकार है जिसके तहत निवेशक भविष्य में अभी तय कीमत पर कंपनी के शेयर खरीद सकता है।

### नियमों को अंतिम रूप देने मार्च के पहले सप्ताह में होगा अधिसूचित

# आयकर नियम में पैन उल्लेख करने के लिए लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी और संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने को लेकर लेन-देन सीमा को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का प्रस्ताव है। मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है।

इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने के लिए श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है। इस सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं।

## 50 हजार से अधिक भुगतान पर पैन बताना जरूरी



किसी भी अचल संपत्ति की खरीद या बिक्री या गिफ्ट या संयुक्त विकास समझौते के मामले में, अगर सौदा लागत 20 लाख रुपये ज्यादा है, तो पैन जरूरी होगा, जबकि अभी यह सीमा 10 लाख रुपये है। मसौदा नियमों के तहत, बीमा कंपनी के साथ खाता आधारित संबंध शुरू करने के लिए पैन जरूरी होगा। अभी, एक वित्त वर्ष में जीवन बीमा प्रीमियम के तौर पर 50,000 रुपये से अधिक के भुगतान के लिए पैन जरूरी है।

**खास बातें**

- श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है
- सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं
- बैंकों में नकद जमा, निकासी आदि भुगतान में पैन नंबर जरूरी

***वाहन की कीमत पांच लाख से अधिक तो पैन जरूरी :*** *वाहन (मोटर साइकिल सहित) खरीदने के मामले में, अगर कीमत पांच लाख रुपये से ज्यादा है, तो खरीदार को अपना पैन बताना होगा। मौजूदा आयकर नियम, 1962 में दोपहिया वाहन खरीदने के लिए पैन बताने का नियम नहीं है, जबकि मोटर वाहनों के लिए कीमत चाहे जो भी हो, इसकी जानकारी देना जरूरी था।*

***10 लाख से ज्यादा नकद जमा पर पैन बताना जरूरी :*** *प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 के अनुसार, किसी व्यक्ति के एक या ज्यादा खातों में, एक वित्त वर्ष में कुल 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा नकद जमा करने या निकालने के लिए स्थायी खाता संख्या (पैन) बताना जरूरी होगा। अभी, किसी बैंक, कंपनी या सहकारी बैंक में किसी भी एक दिन में 50,000 रुपये से ज्यादा नकद जमा करने पर पैन जरूरी है।*

***नया कानून एक अप्रैल से होगा लागू*** *वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) संबंधित पक्षों से सलाह के बाद नियमों को अंतिम रूप देगा और मार्च के पहले सप्ताह तक उन्हें अधिसूचित करेगा। आयकर कानून, 2025 को लागू करने के लिए आयकर नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नया आयकर कानून एक अप्रैल से लागू होगा।*

## आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या लगभग 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गयी है जबकि फॉर्म की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती की गयी है।

**इस पहल का मकसद :** कर- दाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को कर-दाताओं के अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा।

**नया कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा :** कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं।

## कीट यूनिवर्सिटी का शानदार प्लेसमेंट 92.5 प्रतिशत छात्रों को मिली नौकरी



**भुवनेश्वर।** वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण जॉब मार्केट के बावजूद कीट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 2025 बैच के कैंपस प्लेसमेंट में एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम रखा है। विश्वविद्यालय ने इस सत्र में 92.5 प्रतिशत का ओवरऑल प्लेसमेंट दर्ज किया। प्लेसमेंट सीज़न के दौरान 757 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां कीट कैंपस पहुंचीं और करीब 5,000 योग्य छात्रों में से 4,621 छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों में जॉब ऑफर्स मिले। प्लेसमेंट ड्राइव में कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी सबसे आगे रहा, जहां 451 छात्रों को शीर्ष कंपनियों से ऑफर्स मिले। यहां औसत पैकेज 8.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा, जबकि 1,500 से अधिक ड्रीम ऑफर्स दिए गए। माइक्रोसॉफ्ट ने सबसे अधिक 51 लाख रुपये सालाना का पैकेज ऑफर किया। एनवीडिया, पेपल, सिस्को और डी.ई. शॉ जैसी कंपनियां भी टॉप रिक्रूटर्स में शामिल रहीं। टीसीएस और विप्रो जैसे मास रिक्रूटर्स ने बड़ी संख्या में छात्रों को नियुक्त किया। कीट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 161 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जहां एमबीए छात्रों को 401 जॉब ऑफर्स मिले। वहीं, स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट ने लगातार 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड बरकरार रखा। इसके साथ ही 1,209 पेड इंटर्नशिप्स भी ऑफर की गईं। कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा कि यह सफलता गुणवत्ता आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री-फोकस्ड अप्रोच का परिणाम है।

## आनंदम एलिगंजा का ग्रैंड लॉन्च, बायर्स को पसंद आई प्रोजेक्ट की खास लोकेशन और सुविधाएं



**रायपुर।** रायपुर के सोंडोंगरी-हीरापुर क्षेत्र में आनंदम एलिगंजा का ग्रैंड लॉन्च हुआ, जिसे स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों के बायर्स का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। लॉन्चिंग इवेंट में आए लोगों ने प्रोजेक्ट का साइट विजिट किया और कई बायर्स ने ऑन-स्पॉट बुकिंग भी कराई। खासतौर पर उरला, सिलतरा, ट्रांसपोर्ट नगर और आस-पास के क्षेत्रों के लोग इस प्रीमियम रेसिडेंशियल टाउनशिप में रुचि दिखाते नजर आए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में उद्योगों, व्यावसायिक गतिविधियों और शैक्षणिक संस्थानों के विस्तार के बावजूद, व्यवस्थित और प्रीमियम रिहायशी टाउनशिप की कमी महसूस होती थी, जो अब आनंदम एलिगंजा के लॉन्च के साथ पूरी हो जाएगी। प्रोजेक्ट में विभिन्न आकार के प्रीमियम प्लॉट्स, चौड़ी सड़कें, गार्डन, किड्स प्ले एरिया, वॉकिंग ट्रैक और मंदिर जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, बिजली की वायरिंग और सीवरेज सिस्टम पूरी तरह अंडरग्राउंड है। आनंदम एलिगंजा से एम्स, एनआईटी, ट्रांसपोर्ट नगर, कोटा और शहर के अन्य प्रमुख स्थानों के लिए आसान कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। आनंदम वर्ल्ड सिटी के डायरेक्टर राकेश सरावगी ने कहा, हमारे प्रोजेक्ट क्वालिटी डेवलपमेंट, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाओं और हरियाली के लिए जाने जाते हैं। कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी रायपुर के रियल एस्टेट में एक बेंचमार्क प्रोजेक्ट है।

## आईओसी और एचपीसीएल ने वेनेजुएला का कच्चा तेल खरीदा

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने संयुक्त रूप से वेनेजुएला से 20 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में वेनेजुएला के तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू होने के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों द्वारा किया गया यह दूसरा बड़ा सौदा है। दोनों कंपनियों ने अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में आपूर्ति के लिए 'ट्रैफिगुरा' से 20 लाख बैरल 'मेरे' कच्चा तेल खरीदा है। इसमें से 15 लाख बैरल तेल ओडिशा में आईओसी की पारादीप तेल रिफाइनरी को और शेष 5,00,000 बैरल तेल आंध्र प्रदेश में एचपीसीएल की विशाखापत्तनम इकाई को दिया जाएगा।

## रायपुर में अंतरराष्ट्रीय सर्जिकल ऑन्कोलॉजी सम्मेलन संपन्न

**रायपुर।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 7 एवं 8 फरवरी को रायपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ ऑन्कोलॉजी एसोसिएशन, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान रायपुर एवं संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में देश–विदेश से आए 500 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कैंसर विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता की। सम्मेलन के दूसरे दिन गैस्ट्रिक एवं कोलोरेक्टल कैंसर सर्जरी में हो रहे नवीनतम वैश्विक नवाचारों पर गहन अकादमिक चर्चा हुई। सिंगापुर, साउथ कोरिया सहित देश भर से आए विशेषज्ञों ने रायपुर में आयोजित इस कैंसर कांफ्रेंस की उच्च स्तरीय अकादमिक गुणवत्ता की सराहना की। सम्मेलन के अकादमिक महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए संजीवनी कैंसर केयर के फाउंडर डॉ. यूसुफ मेमन ने कहा कि, इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय सर्जनों को वैश्विक अनुभव और नवीनतम तकनीकों से जोड़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ प्रत्यक्ष संवाद से न केवल सर्जिकल कौशल का विकास होता है, बल्कि आधुनिक तकनीकों को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप अपनाने का मार्ग भी प्रशस्त होता है, जिससे अंततः कैंसर रोगियों के उपचार परिणाम बेहतर होते हैं।





epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर, वर्किंग पार्टनर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016. (RO-348)

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**नर्सिंग स्टाफ/असिस्टेंट**

आवश्यकता है- बीएससी नर्सिंग स्टॉफ -10, नर्सिंग असिस्टेंट- 10, वार्ड बॉय- 10 की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-514)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइए! पद – सिक्योरिटी गार्ड योग्यता – 5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा – रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन – 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन – नया रायपुर । रायपुर । रायगढ़ । आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 9201958117, 9201958118.(RO-6547)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर संपर्क करें - 9340741230. (RO-6666)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है डीजल पेट्रोल डालने हेतु- 06 संपर्क करें: झाबक सर्विस स्टेशन रिंग रोड नं. 2 रायपुर मोबाइल नं.- 9039369400. वेतन योग्यतानुसार (RO-6664)

**ऑपरेटर**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चलाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.(RO-515)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- मालिश वाला चाहिए शंकर Nager रायपुर के पास पुरुष मालिश करने वाला चाहिए 1.5 घंटा रोज सबेरे वेतन ६ हजार सम्पर्क करे मो. 7987402898. (RO-A)

**टीचर**

Wanted- A Female School Teacher From DPS, KPS, N.H. Goel, Gyan Ganga School For 10th Class Student Salary 20,000/- p.m. Place- Shankar Nagar Raipur mobile 8827674988, 7224993938. (RO-6668)

**सप्लाई कार्य**

आवश्यकता है- गोडाउन में कार्य एवं मॉल सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करें - श्री राधे कृष्णा एजेंसीस, BU कॉम्प्लेक्स, दलदल सिवनी रायपुर। मोबाइल- 7999369912. (RO-051)

**वेटर**

आवश्यकता है- वेटर चाहिए रूम सर्विस कार्य हेतु वेटर होटल गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर के लिए चाहिए, वेतन योग्यतानुसार संपर्क प्रातः 10 से 5 बजे तक- मोबाइल 9300098443, 9993044133.(RO- 1450)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य हेतु, आठवीं/दसवीं पढ़े लड़कें/लड़कियों की आवश्यकता है, दुर्ग-भिलाई निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 96177-89223, 94255-55659 मिलने का समय- शाम 5बजे से 8बजे तक पता:-स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग(छ.ग.) (आरो न.-4136)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**ऑपरेटर/अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- बर्जर पेंट्स शॉप में एक कंप्यूटर ऑपरेटर/ एकाउंटेंट (male/female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतनुसार अमृत सेल्स कॉर्पोरेशन, स्टेशन रोड, रायपुर मोब: 9827174205. (RO-Meeth)

**मिस्त्री**

आवश्यकता है- मिठाई एवं नाश्ता बनाने के लिए हलवाई मिस्त्री की आवश्यकता है मिस्त्री का वेतन 18000 से 30000) एवं होटल में काम करने हेतु लड़के चाहिए (लड़के का वेतन 9000 से 18000) पता- यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9300521234. (RO-39887)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर की (फ्रेशर) टैली वर्किंग आना चाहिए सम्पर्क करे 6261616668 सम्पर्क समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक (RO-39899)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) संपर्क:- 7587708423. (RO-519)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Medical चिकित्सा**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित NGOहेतु आयुर्वेदिक चिकित्सक (BAMS /BHMS), मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (किसी भी डिग्री) टीम लीडर (अनुभवी),जनसंपर्क अधिकारी (डिग्री/MSW)कंप्यूटर ऑपरेटर (पीजीडीसीए ), कैनवॉशिंग कार्यकर्ता( 12वीं ,/डिग्री ) ,काउंसलर,( डिग्री / अनुभव) , सर्वे लड़के/ लड़कियां( 12वीं /डिग्री,), चालक (lmv ) संपर्क रेट्रो हुमन केयर फाऊंडेशन भिलाई-9301986339, 0788 4224323.(आरो न.- 218)

**Property प्रापर्टी**

बेचना है- कृषि भूमि 9.78 एकड़ 4 मोटर पंप, अर्जुंदा से डंगनिया दुर्ग रोड पर। राइस मिल, पोल्ट्री फार्म, औद्योगिक उपयोग हेतु अति उत्तम। संपर्क- 97524 - 08700. (आरो न.-221)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में दिए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में द्वारा किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply — GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE (10X1 FIX SIZE)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com | Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



**चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग की जगह खोज ली है**

# चंद्रयान-4 के लिए खुशखबरी-चांद पर सबसे सुरक्षित लैंडिंग होगी और मिट्टी के साथ चट्टानों के नमूने भी आएंगे भारत, रिसर्च को लगेंगे पंख

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए जिस स्थान को चुना है, वह साधारण जगह नहीं बल्कि चंद्र सतह का बेहद महत्वपूर्ण इलाका है। साउथ पोल के निकट स्थित मॉन्स माउटन लगभग 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है, जिसकी चोटी अपेक्षाकृत सपाट है और यही विशेषता इसे लैंडिंग के लिए उपयुक्त बनाती है। लंबे समय तक सूर्य की रोशनी, अपेक्षाकृत सुरक्षित भूभाग और संभावित वॉटर आइस की मौजूदगी इसे वैज्ञानिकों के लिए और भी आकर्षक बनाती है। लैंडिंग साइट की खोज में चंद्रयान-2 ऑर्बिटर एक बार फिर इसरो के लिए 'आई इन द स्काई' साबित हुआ। ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरा द्वारा ली गई 32 सेंटीमीटर प्रति पिक्सल की सूक्ष्म तस्वीरों ने वैज्ञानिकों को छोटे क्रेटर, ढलान, बोल्डर और सतही संरचना को बेहद विस्तार से समझने में मदद की। यही विश्लेषण लैंडिंग साइट के चयन में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग जगह खोज ली है।

इस जगह को खोजने के लिए इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से ली गई हाई रिज़ॉल्यूशन तस्वीरों की स्टडी की। मॉन्स मूटन नाम के पहाड़ के पास 1 वर्ग किलोमीटर का एक पैच सबसे अच्छा बताया गया है। यह भारत का पहला लूनर सैंपल रिटर्न मिशन होगा, यानी चांद से मिट्टी और पत्थर लाकर पृथ्वी पर वापस लाना।

*पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा*

*हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें गड्ढों, पत्थरों और ढलानों को बहुत साफ दिखाती हैं*

### लैंडिंग ही नहीं, सैंपल भी लेकर लौटेगा चंद्रयान-4



2104 करोड़ रुपये लागत वाला चंद्रयान-4 केवल चंद्रमा पर उतरकर वैज्ञानिक अध्ययन ही नहीं करेगा, बल्कि पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा। यह मिशन इसरो के सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण अभियानों में से एक है। दो अलग-अलग रॉकेट-एलवीएम-3 और पीएसएलवी-अपने अपने मॉड्यूल लेकर प्रक्षेपित होंगे। एक स्टैक उत्खनन और संग्रहण का कार्य करेगा, जबकि दूसरा सैंपल को पृथ्वी तक सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक मॉड्यूल लेकर जाएगा।

**भारत के अंतरिक्ष विज्ञान का ऐतिहासिक कदम**

*चंद्रयान-4 सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान की नई उड़ान का प्रतीक है। चंद्र सतह से सैंपल लाकर अध्ययन करना वैज्ञानिक खोजों के बिल्कुल नए क्षितिज खोलेगा। यह मिशन न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता का प्रमाण होगा, बल्कि मानवता के चंद्र अध्ययन के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा।*

### क्या फायदा?

ये हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें गड्ढों, पत्थरों और ढलानों को बहुत साफ दिखाती हैं। इससे सटीक लैंडिंग का फैसला आसान होता है। अगर लैंडिंग साइट सिलेक्शन कमेटी मंजूरी देती है, तो यही जगह चंद्रयान-4 की लैंडिंग के लिए चुनी जाएगी। यह अध्ययन दिखाता है कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कितना आगे बढ़ चुका है। चंद्रयान-4 सफल हुआ तो भारत चांद के रहस्यों को और करीब से समझ सकेगा। दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ भी हो सकती है, जो भविष्य के मिशनों के लिए जरूरी है। इसरो की यह तैयारी भारत को अंतरिक्ष की महाशक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

# सेशेल्स के लिए भारत ने दिखाया बड़ा दिल 17.5 करोड़ डॉलर के 'पैकेज' का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज की घोषणा की, ताकि सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह ऐलान दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों का एक मजबूत स्तंभ रहा है, जिसमें सभी पहल सेशेल्स की प्राथमिकताओं और जरूरतों के हिसाब से हैं। उन्होंने कहा कि यह विशेष आर्थिक पैकेज ठोस, लोगों पर केंद्रित प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट करेगा और रोजगार और स्किल-ट्रेनिंग के मौके पैदा करेगा, खासकर सेशेल्स के युवाओं के लिए।



### राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा

राष्ट्रपति हर्मिनी रविवार को चेन्नई और मुंबई में अपने कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद नई दिल्ली पहुंचे। अक्टूबर 2025 में पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है और यह दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के साथ हो रही है।

### दोनों देशों का रिश्ता जमीन से समुद्र तक

दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स में भारतीय समुदाय ने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, साथ ही पीढ़ियों से द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग जमीन, पानी और समुद्र तक फैला हुआ है।

### मुंबई और चेन्नई में निवेश पर चर्चा

राष्ट्रपति हर्मिनी का यह दौरा केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह से बिजनेस सेंट्रिक भी रहा है। दिल्ली पहुंचने से पहले उन्होंने चेन्नई और मुंबई में समय बिताया, जहां उन्होंने गवर्नेंस, इंडस्ट्री और कोस्टल मैनेजमेंट से जुड़े प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ मुलाकात की। पिछले साल अक्तूबर में पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है, जो पांच दिनों तक चलेगा। रविवार को दिल्ली पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया था और सोमवार को उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

**विजन 'सागर' और रणनीतिक महत्व :** बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद रहे। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'विजन सागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि एक समुद्री पड़ोसी के रूप में, सेशेल्स का समर्थन इस क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा के लिए बेहद मूल्यवान है।

### भारत-ग्रीस बनाएंगे रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत, संयुक्त घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

भारत और ग्रीस (हेलेनिक गणराज्य) के रक्षा मंत्रियों के बीच सोमवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने के लिए एक संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना 2026 का आदान-प्रदान किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस बैठक में भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ग्रीस के समकक्ष यानी रक्षा मंत्री निकोलाओस-जॉर्जियोस डेंडियास शामिल हुए। **घोषणापत्र के खास बिंदु :** मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिस संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उसमें भारत के आत्मनिर्भर भारत और एजेंडा 2030 के तहत ग्रीस के रक्षा सुधारों के मध्य साझेदारी के जरिए अपने-अपने स्वदेशी रक्षा उद्योगों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

***ग्वालियर में रेबीज से तीन मौतें :*** *ग्वालियर। एमपी के ग्वालियर में महज पांच दिनों के भीतर एक मासूम सहित रेबीज से तीन लोगों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है।*

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER RESOURCES DIVISION, GARIABAND DISTRICT-GARIABAND (C.G.)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(2nd CALL)**
**CORRIGENDUM No. 01**

**System Tender No.: 184006/NIT No.: 16/SAC/2025-26, Gariaband, Dated: 20.01.2026**

Following amendment is made in the online tender for Construction of Balance Earth work of Head work & Nalla Closure from RD 870 m to 1140 m is proposed with construction of Cutoff, rock toe, filter and pitching, proposed for repair of sluice, construction of waste weir and chute fall in spill channel of Piperchhedi Tank Scheme in block Chhura, District Gariaband

| PARTICULARS | EARLIER | AMENDMENT |
|---|---|---|
| 1. Bid Download, Last Date & Time : | 06.02.2026, 17:30 | 12.02.2026, 17:30 |
| 2. Bid Open Start Date & Time: | 09.02.2026, 11:30 | 13.02.2026, 11:30 |

**Note:-** All other terms and conditions will remain be unchanged.
Advertisement No. 252606200/Dated 21.01.2026

G-252606558/4

**EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER RESOURCES DIVISION**
**GARIABAND (C.G.)**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. 04एचडब्ल्यूएचसीओएन।। ऑफ 2025-26 (निविदा सं. 04एचडब्ल्यूएचसीओएन।। ऑफ 2025-26), (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक** 05.02.2026, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II/पूर्व रेलवे/हावड़ा, 371, तेलकल घाट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव रखने वाले वित्तीय एवं अपेक्षित साधन सम्पन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से ई-निविदा प्रणाली के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के लिलुआ वर्कशॉप में ईएमयू/एलएचबी/आईसीएफ/वंदे भारत कोच, एलएचबी कोचों के एमएलआर, इलेक्ट्रिकल पावर कार और एसी ओवरहॉलिंग एवं एसी फिनिशिंग शॉप के लिए व्हील शॉप के बुनियादी ढांचे का विभिन्न ढांचागत विकास और विस्तार। **अनुमानित मूल्य:** रु. 41,60,47,722.21, **बयाना राशि:** रु. 22,30,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 06.03.2026, निविदा सूचना, कागजात एवं समय-समय पर जारी संशोधनी के साथ अपेक्षित पात्रता मानदंड इत्यादि का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई भी मैनुअल प्रस्ताव यदि प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं सरासर रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-600/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)**
(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)
E_Mail:- registrarsua@yahoo.co.in
Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्र./73 / भण्डार / 2026 अम्बिकापुर दिनांक 06/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत फर्मों से उपाधि मुद्रण एवं उपाधि बॉक्स मुद्रण किये जाने हेतु मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.sggcg.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ निविदा प्रपत्र की राशि रू. 2,000/- का बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) के नाम जमा करना अनिवार्य होगा।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 01/03/2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 01/03/2026 अपरान्ह 04:00 बजे

अपरिहार्य कारणवश निविदा खोलने की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

S-46838/1 **कुलसचिव**

# तेल खरीद में राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकता: मिस्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बीते दिनों भारत-अमेरिका के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का मुख्य आधार माने जाने वाले निर्णय यानी भारत द्वारा रूस से सस्ते दाम पर की जा रही तेल की खरीद पर पूरी तरह से रोक लगाने को लेकर जारी चर्चाओं और कयासों के बीच सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मामले पर देश की स्थिति को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। जिसमें उन्होंने रूस का नाम लिए बगैर कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की खरीद को लेकर किसी एक के भरोसे पर नहीं है। बल्कि हम दर्जनों देशों से तेल की खरीद कर रहे हैं। किसी एक देश या स्रोत पर हमारी निर्भरता नहीं है, न ही हमारा ऐसा कोई इरादा है।

**छत्तीसगढ़ शासन**
**पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 12.02.2026 को किया गया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा जाती है।

नीलाम स्थल का नाम - पिथौरा
नीलाम दिनांक - 12.02.2026
नीलाम समय - 9:00 बजे प्रातः

**नीलाम दिनांक 12.02.2026 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा**

| क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | | अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज | | | कुल वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | के.पोल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | सागौन | 471.902 | 1366 | 6475 | 2430.291 | 12075 | 62988 | 2902.193 | 13441 | 69463 | 0 |
| 2 | साल | 3.211 | 15 | 0 | 8.371 | 86 | 0 | 11.582 | 101 | 0 | 0 |
| 3 | शीशम | 0.253 | 0 | 0 | 2.552 | 0 | 0 | 2.805 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | बीजा | 5.372 | 0 | 0 | 14.386 | 0 | 0 | 19.758 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | साजा | 1.668 | 0 | 0 | 13.356 | 0 | 0 | 15.024 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | हल्दु मुड़ी | 0.722 | 0 | 0 | 32.990 | 0 | 0 | 33.712 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 0.888 | 0 | 0 | 2.694 | 0 | 0 | 3.582 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | तिन्सा | 0.256 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.256 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | पापड़ा | 0.000 | 4 | 0 | 2.335 | 0 | 0 | 2.335 | 4 | 0 | 0 |
| 10 | अन्य | 12.533 | 176 | 0 | 17.114 | 0 | 0 | 29.647 | 176 | 0 | 0 |
| योग :- | | 496.805 | 1561 | 6475 | 2524.089 | 12161 | 62988 | 3020.894 | 13722 | 69463 | 0 |

काष्ठागार पिथौरा ( सराईटार) 1440 नग व्यापारिक बांस ( पुराना ) | डिपो बागबाहरा 2249 नग व्यापारिक बांस पुराना

**बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत निस्तार / उपभोक्ता / अस्थाई पड़ाव डिपो में संग्रहित वनोपज की मात्रा**

| क्र. | डिपो | जलाऊ पुराना | व्यापारिक बांस पुराना (नग) | औद्योगिक बांस पुराना (बंडल) | क्र. | डिपो | फेंसिंग पोल पुराना | जलाऊ पुराना | व्यापारिक बांस पुराना (नग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरपाली | 51 | 4649 | 0 | 5 | पलारी | 0 | 0 | 404 |
| 2 | थरगांव | 0 | 2690 | 0 | 6 | बलौदाबाजार | 0 | 29 | 2000 |
| 3 | अ.प.नवागांव | 0 | 28150 | 1990 | 7 | अ.प.देवपुर | 0 | 223 | 2000 |
| 4 | सिमगा | 28 | 0 | 0 | - | - | - | - | - |

**टीप :-**
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिर्वाय है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट को क्रय करने के लिए अन्य क्रेताओं को 30 सेकण्ड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकण्ड तक बोली नहीं लगने पर लॉट पर बोली बंद हो जावेगा।

**दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)**

G-252606565/3

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामन्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)**

### 85 विशेष इस्पात परियोजनाओं के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में, इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी तथा इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 1.2 (तीसरा चरण) के तहत 55 कंपनियों की 85 परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पीएलआई 1.2 का शुभारंभ भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### चुनाव प्रचार के दौरान बांग्लादेश में हिंसा 50 लोग घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के पातुआखाली जिले में चुनाव प्रचार के दौरान जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में करीब 50 लोग घायल हो गए, जिनमें दोनों दलों के स्थानीय नेता भी शामिल हैं। यह घटना पातुआखाली-2 संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बौफाल उपजिला के चंद्रद्वीप यूनियन में हुई। जमात समर्थित उम्मीदवार शफीकुल इस्लाम मसूद के समर्थन में सुबह करीब 10 बजे एक चुनावी जुलूस निकाला गया। जुलूस जब दोपहर करीब 1 बजे भंडारी बाजार इलाके में पहुंचा, तभी पीछे से आए 40 से 50 लोगों के एक समूह ने लाठी और धारदार हथियारों से जुलूस पर हमला कर दिया।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI, DISTT.-MUNGELI (C.G.)**
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST-CALL)

NIT No.: 16/SAC/2025-26 Dated: 06-02-2026

Online Tenders are invited for the following works up to 27-02-2026 at 17.30 Hour **Name of work - RENOVATION OF OLD STRUCTURE AND CONSTRUCTION OF NEW STRUCTURE, FIXING OF COLABA & CEMENT CONCRETE LINING OF BIJARAKAPA SUB DISTRIBUTORY, CANAL SYSTEM LENGTH 8000M. UNDER D-2 CANAL OF MANIYARI TANK SCHEME.**

System Tender No. 185142, Probable Amount of Contract: Rs. 547.74 Lakhs (Excluding GST)
(As Per SOR on 01-05-2025 & Amended 08-08-2025)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 13.02.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

G-252606534/4

**Executive Engineer,**
**Maniyari Water Resources Divsion**
**Mungeli, Disttt. Mungeli (C.G.)**

**कार्यालय, नगरपालिक निगम चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर (छ.ग.)**

क्र./3949 / तक. - 11 / न.पा.नि./ 2025 - 26, चिरमिरी, दिनांक 03/02/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा / स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग / जल कार्य / विद्युत - यांत्रिकी / सामान्य प्रशासन / उद्यानिकी / अग्निशमन / परिसम्पत्तियों का रख-रखाव / ई-गवर्नेंस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 184895 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा / जल कार्य / विद्युत - यांत्रिकी / सामान्य प्रशासन/ अग्निशमन / परिसम्पत्तियों का रख-रखाव / ई-गवर्नेंस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय (91 श्रमिक) | 163.99 | 1,23,000/- | 12 माह |
| 184901 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के उद्यानिकी विभाग हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय (40 श्रमिक) | 65.37 | 49,050/- | 12 माह |
| 184913 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय (93 श्रमिक ) | 151.97 | 1,14,000/- | 12 माह |
| 184921 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग हेतु "स्वच्छता कमाण्डो" (अकुशल श्रमिक - 25 श्रमिक) प्रदाय | 40.85 | 30,650/- | 12 माह |

उपरोक्तानुसार निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in मे देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगरपालिक निगम चिरमिरी**
**जिला - एम.सी.बी. (छ.ग.)**

S-46834/2

**कार्यालय कलेक्टर, जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ (आदिवासी विकास शाखा)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण / 2025-26/3000 /बीजापुर, दिनांक 05.02.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित **आश्रम/छात्रावास भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यो** हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ''C'' श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोसन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | NIT क्र./ दि. | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | 54/05.02.2026 | 185181 | पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भैरमगढ़ | 17482000.00 | 2nd Call | 131200.00 |
| 02 | 55/05.02.2026 | 185181 | आदिवासी बालक आश्रम फरसेगढ़ | 15119000.00 | 2nd Call | 113400.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा अंतिम तिथि (Bid due Date) 25.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start Date) 09.02.2026 से है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास-बीजापुर**

जी-252606531/4

**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

**No. 14/Raipur/2025-26 Raipur, Dated. 04.02.2026**

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के एल - 2 ट्रामा 20 बिस्तर भवन निर्माण कार्य हेतु आर्किटेक्ट नियुक्त करने बाबत।

Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 228.44 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-02 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000=00 |

General condition - All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 24.02.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

G-252606555/7

**Superintending Engineer**
**Public Works Department**
**Raipur Circle No-1 Raipur**



# स्कॉटलैंड का एसोसिएट टीमों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाकर रचा कीर्तिमान

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया, जॉर्ज मुन्से का अर्धशतक

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

टी20 विश्व कप के इतिहास में स्कॉटलैंड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। एसोसिएट देश के रूप में स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने की उपलब्धि यूएसए को पीछे छोड़ते हुए अपने नाम कर ली है। कोलकाता के ईडन गार्डन में सोमवार को हुए मुकाबले में स्कॉटलैंड ने इटली के खिलाफ टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 207 रन बनाए।

टी20 विश्व कप में किसी भी एसोसिएट देश का एक पारी में बनाया गया यह सबसे बड़ा स्कोर है। पूर्व में यह रिकॉर्ड यूएसए के नाम था। टी20 विश्व कप 2024 में यूएसए ने कनाडा के खिलाफ दूसरी पारी में 3 विकेट पर 197 रन बनाकर जीत हासिल की थी। इसी मैच में कनाडा ने पहली पारी में 194 रन बनाए थे। इटली को टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में 73 रन से हार का सामना करना पड़ा है। स्कॉटलैंड के दिए 208 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 16.4 ओवर में 134 पर आउट हो गई।



### इटली ने 17 गेंदों पर गंवाए आखिरी पांच विकेट

208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गिर गया। इसके बाद विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। इटली ने अपने आखिरी 5 विकेट 17 गेंद के अंदर गंवाए। कप्तान वेन मैडसेन इंजरी की वजह से बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। इटली के लिए हैरी मैनेंटी ने 25 गेंद पर 3 छक्कों और 1 चौके की मदद से 37 रन बनाए, जबकि बेन मैनेंटी ने 31 गेंद पर 1 छक्का और 5 चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई थी। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लिस्क सफलतम गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। मार्क वाट ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए। ब्रैड करी, ब्रैड व्हील, और ओलिवर डेविडसन ने 1-1 विकेट लिए।

### लिस्क को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 4 विकेट पर 207 तक रन बनाए थे। स्कॉटलैंड के लिए जॉर्ज मुन्से ने बेहतरीन अर्धशतक लगाया। वह 54 गेंद पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 84 रन की पारी खेलकर आउट हुए। माइकल जोंस 30 गेंद पर 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा मैकमुलेन ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 41 और लिस्क ने 5 गेंद पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाए थे। माइकल लिस्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

आठवां मुकाबला

# जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराया, बेनेट की शानदार बल्लेबाजी



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आठवें मुकाबले में ओमान के विरुद्ध 8 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ओमान की टीम 19.5 ओवरों में 103 रन पर सिमट गई। कप्तान जतिंदर सिंह 1 चौके के साथ 5 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 27 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए। यहां से विनायक शुक्ला ने सुफयान महमूद के साथ छठे विकेट के लिए 43 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही ओमान एक बार फिर से लड़खड़ा गई। विनायक 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि महमूद ने 25 रन की पारी खेली। इनके अलावा, नदीम खान ने 20 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने 3-3 विकेट हासिल किए। एक विकेट सिकंदर रजा के हाथ लगा।

### दक्षिण अफ्रीका ने कनाडा को हराया

**अहमदाबाद।** कप्तान एडेम मार्क्रम के शानदार अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप ग्रुप डी के अपने पहले मैच में कनाडा को 57 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 214 रन बनाए । मार्क्रम ने 32 गेंद में दस चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाए। जवाब में कनाडा की टीम आठ विकेट पर 156 रन ही बना सकी। नवनीत धालीवाल ने 64 रन बनाए। कनाडा की शुरुआत काफी खराब रही और पहली ही गेंद पर कप्तान दिलप्रीत बाजवा आउट हो गए। एनगिडि ने 31 रन देकर चार विकेट लिए। मार्को यानसेन ने लगातार दो विकेट लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की पारी में मार्क्रम ने दूसरे ओवर में डिलोन हेलाइगर को तीन चौके लगाए।

## खबर संक्षेप



### 25 से इंडिया नॉकआउट नाइट्स, गोयत ने मिलाया आईआईएस से हाथ

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने देश के मुक्केबाजों के लिए 'इंडिया नॉकआउट नाइट्स' शुरू करने के इरादे से बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ हाथ मिलाया है। यह प्रतियोगिता 25 फरवरी से शुरू होगी। तीन बार के डब्ल्यूबीसी एशियाई खिताब विजेता गोयत को इस पहल के लिए विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता निशांत देव का समर्थन मिला है, जो अब पेशेवर सर्किट में खेलते हैं।

### सूर्यकुमार का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य

**नई दिल्ली।** मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की 'संयमित नेतृत्व क्षमता' की तारीफ करते हुए कहा कि टी20 प्रारुप में कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।



बीसीसीआई का सालाना कॉन्ट्रैक्ट

# रोहित और विराट ग्रेड बी में डिमोट, ए प्लस श्रेणी खत्म



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सालाना करार की सूची जारी कर दी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली का डिमोशन हुआ है। वहीं बोर्ड ने ए प्लस कॉन्ट्रैक्ट कैटेगरी खत्म कर दी है। वहीं सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मोहम्मद शमी को भी सालाना कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। वहीं इशान किशन भी इस लिस्ट का हिस्सा नहीं हैं। कॉन्ट्रैक्ट की अवधि 1 अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक की है। बोर्ड ने अपनी रिलीज में यह नहीं बताया है कि किस ग्रेड में कितना पैसा सालाना खिलाड़ियों को मिलेगा।

वहीं पिछले साल के मुताबिक ग्रेड ए प्लस के खिलाड़ियों को सालाना 7 करोड़, ग्रेड ए में पांच करोड़, ग्रेड बी में तीन करोड़ और ग्रेड सी में एक करोड़ रुपए मिलते थे। विराट कोहली और रोहित शर्मा को ग्रेड-बी में रखा गया है।

### सालाना कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट

(पुरूष)
ग्रेड ए : शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा
ग्रेड बी : वॉशिंगटन सुंदर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर
ग्रेड सी : अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरेल, हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती, नीतिश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साइ सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रूतुराज गायकवाड़
(महिला)
ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा
ग्रेड बी : रेणुका ठाकुर, शेफाली वर्मा, रिचा घोष, स्नेह राणा
ग्रेड सी : राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरूंधति रेड्डी, श्रीचरणी, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, काशवी गौतम, जी कमलिनी।

# रणजी ट्राफी : कर्नाटक की सेमीफाइनल में एंट्री 42 बार की चैंपियन मुंबई बाहर, राहुल ने ठोका शतक

एजेंसी ▸▸ मुंबई



लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली, जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की । बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी।

राहुल को रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 83, 123 गेंद, 11 चौके) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मैच के चौथे दिन चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके कर्नाटक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल की पारी की बदौलत आठ बार का चैंपियन कर्नाटक लंच तक तीन विकेट पर 265 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था। राहुल हालांकि लंच के तुरंत बाद तुषार देशपांडे का शिकार बने। देशपांडे और तनुष कोटियान ने इसके बाद कर्नाटक का स्कोर छह विकेट पर 285 रन कर दिया। बाइस साल के स्मरण ने इसके बाद अपना विकेट बचाने को तरजीह जबकि विद्याधर पाटिल ने 30 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर कर्नाटक को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले राहुल ने अपनी पारी के दौरान काफी धैर्य दिखाया और कोटियान की गेंद पर चौके के साथ शतक पूरा किया।

# घरामी ने मात्र 1 रन से मिस किया तिहरा शतक

**कल्याणी।** बंगाल के बैटर सुदीप घरामी रणजी ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में आंध्र प्रदेश के खिलाफ सिर्फ एक रन से ट्रिपल सेंचुरी से चूक गए।



दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला बंगाल क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेला गया। ऐसे में वो पहले भारतीय और फर्स्ट क्लास इतिहास में तीसरे पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने एक रन से अपना तिहरा शतक मिस किया है। इस लिस्ट में जो दो अन्य बैटर्स हैं उसमें न्यूजीलैंड के मार्टिन क्रो हैं, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में 299 रन बनाए थे। इसके अलावा ग्लैमॉर्गन के माइक पॉवेल हैं, जिन्होंने साल 2006 में काउंटी मैच में ये कमाल किया था। घरामी को आंध्र के शेख रशीद ने आउट किया। घरामी ने इस दौरान 596 गेंदों का सामना किया। इस तरह वो फर्स्ट क्लास मैच में सबसे ज्यादा गेंदों का सामना करने वाले छठे भारतीय बने। आंध्र की टीम यहां 295 पर ढेर हो गई है, जहां मुकेश कुमार ने 5 विकेट लिए। इसके बाद बंगाल ने 629 रन ठोके। इस दौरान घरामी ने तीसरे नंबर पर बैटिंग करते हुए करियर की बेस्ट पारी खेली।

# एशियाई चैंपियंस लीग टू : अल-नासर को रोनाल्डो की वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ रियाद



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब आने के बाद अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है लेकिन उनके क्लब अल-नासर को उम्मीद है कि 41 साल का यह दिग्गज बुधवार को मैदान पर वापसी कर अपनी टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेगा। अल-नासर का मुकाबला एशियन चैंपियंस लीग टू के क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की करने के लिए तुर्कमेनिस्तान के अर्कादाग से होगा।

### इटली को झटका, कप्तान मेडसन चोटिल, विश्वकप से हुए बाहर

**कोलकाता।** इटली के मुख्य कोच जॉन डेविसन ने कहा है कि कप्तान वेन मेडसन का टीम के टी20 विश्व कप पदार्पण मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ 73 रन की हार के दौरान कंधा खिसकने के कारण लीग चरण के बाकी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है। डेविसन ने कहा कि अनुभवी कप्तान अब भी टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं और 'कोचिंग स्टाफ' के रूप में डगआउट में शामिल हो सकते हैं। मेडसन स्कॉटलैंड की पारी के चौथे ओवर में मिडविकेट पर बाउंड्री रोकने के प्रयास में चोटिल हो गए थे। वह सख्त अभ्यास पिच पर गिरे और तुरंत अपना कंधा पकड़ लिया।

Canara Bank
फुल चौक शाखा, रायपुर (छ.ग.)
अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)
₹ 1,37,77,275.17
01/12/2025
06/02/2026

# इंग्लिश प्रीमियर लीग : मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को दी शिकस्त, हैलेंड ने दागे गोल

एजेंसी ▸▸ लंदन

एर्लिंग हैलेंड के अंतिम लम्हों में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 2-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। नॉर्वे के हैलेंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 25 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब उसके और शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल के बीच छह अंक का अंतर है। लीवरपूल को 74वें मिनट में डोमीनिक जोबोज्लाई ने बढ़त दिलाई थी, जिसके 10 मिनट बाद बर्नार्डो सिल्वा ने स्कोर 1-1 कर दिया। हैलेंड ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। एक अन्य मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर 12 मैच से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया।

# सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट: इंटर मिलान ने बनाई बढ़त, सासुओलो को हराया

एजेंसी ▸▸ रोम

इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली। यान बिसेक और मार्कस थुराम ने इंटर के लिए पहले हाफ में जबकि लोटारो मार्टिनेज, मैनुअल अकांजी और लुइ हेनरिक ने दूसरे हाफ में गोल दागे। इस जीत से इंटर मिलान के 24 मैच में 58 अंक हो गए हैं। एसी मिलान की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम मिलाना कोर्टिना ओलंपिक के कारण इस सप्ताहांत नहीं खेली। इंटर मिलान की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत है। अन्य मुकाबलों में चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस ने आठवें स्थान पर मौजूद लाजियो से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि पार्मा ने बोलोगना को 1-0 से हराया। लीस ने उडिनेस को 2-1 से शिकस्त दी।



ICICI Bank
ICICI Bank




# आसमान से गिरेगा 400 टन का आईएसएस, खत्म हो जाएगा इंसानों का अंतरिक्ष वाला घर

साल 2030 में नासा अपने पुराने हो चुके अंतरिक्ष स्टेशन को आसमान से नीचे गिरा देगा। इसे बहुत ही सावधानी से प्रशांत महासागर के एक खाली हिस्से में गिराया जाएगा जिससे किसी को नुकसान न हो। पिछले 25 से भी ज्यादा सालों से यह अंतरिक्ष के अंधेरे में एक चमकते हुए हीरे की तरह हमारे ऊपर पहरा देता रहा है।

**वॉशिंगटन।** यह इंसानों द्वारा बनाई गई सबसे शानदार जगह है, जहां अंतरिक्ष यात्री एक ही दिन में 16 बार सूरज को उगते और डूबते हुए देखते हैं। यहां पर आते ही देशों की सभी सरहदें खत्म हो जाती हैं और अलग-अलग देशों के वैज्ञानिक यहां मिलकर एक ही टीम की तरह इंसानियत के लिए नई-नई खोजें करते हैं।

साल 2030 में नासा ने इस फुटबॉल के मैदान जितने बड़े स्पेस स्टेशन को अंतरिक्ष से नीचे गिराने की योजना बनाई है। इसे प्रशांत महासागर में बहुत ही सुरक्षित तरीके से डुबो दिया जाएगा।

## अब इसे अंतरिक्ष में करीब 25 साल से ज्यादा हो चुके हैं

### कठोर हालात के असर

यह स्पेस स्टेशन आग के गोले की तरह आसमान से गिरेगा और समुद्र में समा जाएगा। भले ही इसे खत्म करना बुरा लगे, लेकिन अंतरिक्ष विज्ञान को आगे ले जाने के लिए यह बहुत जरूरी कदम है। अंतरिक्ष का माहौल बहुत खतरनाक होता है पिछले 25 सालों से यह स्टेशन भयानक गर्मी-सर्दी, खतरनाक रेडिएशन और अंतरिक्ष में तैरते छोटे-छोटे पत्थरों की मार झेल रहा है। किसी भी मशीन की तरह इसकी भी एक उम्र है। अब इसके हिस्सों में कमजोरी आने लगी है, इसलिए इसे और ज्यादा समय तक वहां रखना सुरक्षित नहीं है।



### इसे कैसे नीचे लाया जाएगा?

400 टन वजनी इस स्टेशन को यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता। इसके लिए नासा ने स्पेसएक्स कंपनी को एक खास अंतरिक्ष यान बनाने का काम दिया है। यह यान स्टेशन से जुड़ जाएगा और अपने इंजन की ताकत से उसे धीरे-धीरे धरती की ओर धकेलेगा। स्टेशन को गिराने के लिए समुद्र में एक जगह चुनी गई है, जिसे पाइंट नेमो कहते हैं। यह जगह किसी भी इंसानी बस्ती या जमीन से हजारों किलोमीटर दूर है। यह जगह इतनी दूर है कि इसे अंतरिक्ष यान का कब्रिस्तान कहा जाता है। जैसे ही स्टेशन धरती के वातावरण में घुसेगा हवा की रगड़ से वह बहुत गर्म हो जाएगा। इस गर्मी से स्टेशन का ज्यादातर हिस्सा जलकर राख हो जाएगा और जो बहुत थोड़े बहुत टुकड़े बचेंगे वे समुद्र की गहराइयों में जाकर डूब जाएंगे।

### क्या है इसे बंद करने की वजह?


आईएसएस की शुरुआत 20 नवंबर 1998 को हुई थी, जब इसका पहला हिस्सा जार्या अंतरिक्ष में भेजा गया था। साल 2000 से यहां इंसान रहने लगे थे और अब इसे अंतरिक्ष में करीब 25 साल से ज्यादा हो चुके हैं। इसे रूस ने बनाया था और अमेरिका ने इसमें पैसा लगाया था। इसने ही स्टेशन को शुरुआती बिजली और आगे बढ़ने की ताकत दी थी।

# समुद्र की गहराई में किसने बनाए ये गोल घेरे

**लंदन।** स्कॉटलैंड के पास समुद्र में कुछ अजीबोगरीब घेरे देखे गए हैं। इन्हें परी मंडलियां कहा जा रहा है। ये घेरे स्कॉटलैंड के आउटर हेब्राइड्स द्वीप के पास पानी में मिले हैं। पानी के अंदर ये गोल घेरे दिखने से वहां के रहने वाले लोग और वैज्ञानिक दोनों ही हैरान हैं।

स्कॉटलैंड के पास समुद्र में कुछ अजीबोगरीब घेरे देखे गए हैं। माना जा रहा है कि ये घेरे समुद्र के अंदर उगने वाली घास से बने हैं। लेकिन, सबसे बड़ी पहेली यह है कि ये बिल्कुल गोल आकार में कैसे बने यह कोई नहीं जानता। पिछले 100 सालों से समुद्र के अंदर की यह घास धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्रदूषण, बीमारियां और मौसम में बदलाव इसकी मुख्य वजह हो सकती है। यह घास समुद्री जीवों का घर होती है और समुद्र के किनारों की लहरों से बचाने में मदद करती है।

### कितनी कीमती है ये घास?



एक समय था जब स्कॉटलैंड में यह घास इतनी ज्यादा होती थी कि लोग इसका इस्तेमाल अपने घरों की छतें बनाने और खेतों में खाद की तरह करते थे। 1930 के दशक में एक खतरनाक बीमारी फैली जिसने समुद्री घास के विशाल मैदानों को खत्म कर दिया। इसे वैज्ञानिकों ने वेस्टिंग डिजीज नाम दिया। बीमारी के अलावा समुद्र में बढ़ते प्रदूषण और बहुत ज्यादा मछली पकड़ने की वजह से भी यह घास दोबारा नहीं पनप पाई।

## कैमरे में कैद हुई स्कॉटलैंड की सबसे बड़ी पहेली



### इन्हें बचाने के लिए क्या किया जा रहा है?

स्कॉटलैंड की सरकार ने अब इस घास को खास दर्जा दिया है। इसका मतलब है कि अब इसे बचाने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। समुद्र के नीचे जाल बिछाकर मछली पकड़ने पर पाबंदी लगा दी गई है, क्योंकि इससे घास को नुकसान पहुंचता था और अब घास को बढ़ने का मौका मिल रहा है। पानी साफ होने और ड्रेजिंग रुकने की वजह से कुछ जगहों पर यह घास फिर उग रही है।

### समुद्र के लिए कितनी जरूरी है घास?

यह घास समुद्र की मिट्टी को एक जगह जमाए रखती है और लहरों की ताकत को कम करती है, जिससे किनारे सुरक्षित रहते हैं। मछलियों और अन्य जीवों के लिए यह घास किसी होटल की तरह है जहां उन्हें खाना और रहने के लिए सुरक्षित जगह मिलती है। यह घास हवा से गंदी गैसों को सोख लेती है और उसे समुद्र की मिट्टी में दबा देती है जिससे दुनिया का तापमान कम रखने में मदद मिलती है।

### क्या हैं ये गोल घेरे?

पहले लोग इन घेरों के बारे में सिर्फ कहानियों में सुना करते थे, लेकिन अब पहली बार ये कैमरे में कैद हुए हैं। ये घेरे समुद्र के अंदर घास के फैलने से बने हैं। ये देखने में बिल्कुल किसी जादू की तरह लगते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि ये बिल्कुल गोल आकार में ही क्यों बनते हैं।







# सहारा रेगिस्तान के बीच खूनी झीलें और नीले पानी का जादू



**त्रिपोली।** लीबिया के उबारी सैंड सी में रेत के विशाल टीलों के बीच छिपी हुई झीलें किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। 2 लाख साल पहले यहां एक विशाल सागर हुआ करता था, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। दुनिया के सबसे बड़े और गर्म रेगिस्तानों में शुमार सहारा रेगिस्तान अपने भीतर कई ऐसे रहस्य समेटे हुए है, जिन्हें देख पाना हर किसी के बस की बात नहीं है।

लीबिया के दक्षिण-पश्चिमी फेजान क्षेत्र में स्थित 'उबारी सैंड एक ऐसा ही इलाका है, जहां रेत के आसमान छूते टीलों के बीच नीले और कभी-कभी गहरे लाल रंग की झीलें दिखाई देती हैं। ऐसा लगता है मानो वो झीलें खून से भरी हों। यह नजारा किसी काल्पनिक फिल्म जैसा लगता है, लेकिन इसकी वास्तविकता करोड़ों साल पुराने इतिहास और जलवायु परिवर्तन की दर्दनाक कहानी से जुड़ी है।

### सूखने का खतरा मंडरा रहा

हालांकि, ये झीलें 7 से 32 मीटर तक गहरी हैं, लेकिन इन पर सूखने का खतरा मंडरा रहा है। सहारा के नीचे मौजूद पानी के प्राकृतिक स्रोत सीमित हैं और बढ़ती आबादी इनका तेजी से इस्तेमाल कर रही है। लीबिया सरकार के 'ग्रेट मैन-मेड रिवर' प्रोजेक्ट ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत पाइपलाइनों के जरिए रेगिस्तान को हरा-भरा बनाने के लिए जमीन के नीचे से पानी निकाला जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो अगले 50 से 100 वर्षों में ये ऐतिहासिक और सुंदर झीलें हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दफन हो जाएंगी।

### यहां तक पहुंचना हर किसी के लिए आसान नहीं

इन झीलों में सबसे प्रसिद्ध 'उम्म अल-मा और 'गैबरून हैं। गैबरून झील पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र है, जहां पुराने गांव के खंडहरों के पास रुकने और खरीदारी की व्यवस्था भी है। यहां 'उम्म अल-हिसान जैसी और भी खूबसूरत झीलें हैं, लेकिन वहां तक पहुंचना हर किसी के लिए आसान नहीं है। इन झीलों की सबसे बड़ी विशेषता इनका अत्यधिक खारापन है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com